दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak



## आंधी-बरसात से मौसम खुशनुमा

बेधड़क | जयपुर

भीषण गर्मी और प्रचंड लू के बाद अब प्रदेश के मौसम में बदलाव आने लगा है। राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के 6 से ज्यादा जिलों में आई आंधी-बारिश से तपनभरी गर्मी से राहत मिली है। राजधानी जयपुर में आंधी-बारिश के बाद अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। बारिश के कारण जयपुर में मोबाइल टॉवर और दिशा सूचक बोर्ड गिर गया, हालांकि इससे कोई जनहानि के समाचार नहीं है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को भी जोधपुर, बीकानेर, अजमेर व जयपुर संभाग के कुछ भागों में तेज अंधड़ के साथ बारिश हो सकती है। 10 जून से कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ जिलों में आंधी बारिश की संभावना है। -पेज 3 भी देखें

फोटो: पंकज शर्मा

### राष्ट्रपति ने मोदी को सरकार बनाने का दिया न्योता

# मोदी कल तीसरी बार लेंगे पीएम की शपथ

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में नई सरकार बनाने के लिए शुक्रवार को एनडीए ने सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया। एनडीए नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को समर्थक सांसदों की लिस्ट सौंपी। इसके बाद नरेंद्र मोदी शाम को राष्ट्रपति से मिलने गए। प्रेसिडेंट ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया। मोदी 9 जून को शाम 7.15 बजे तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। इससे पहले संसद के सेंट्रल हॉल में मोदी एनडीए दलों के लीडर चुने गए।

एनडीए की संयुक्त बैठक में नरेंद्र मोदी ने कहा कि, यह उनके लिए खुशी की बात है कि इतने बहुत बड़े समूह का स्वागत करने का अवसर मिला है, जो साथी जीतकर आए हैं, वे अभिनंदन के पात्र हैं। लाखों कार्यकर्ताओं ने दिन-रात परिश्रम किया है। इतनी गर्मी में हर दल के कार्यकर्ता ने जो पुरुषार्थ और परिश्रम किया है।

मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार में गुड गवर्नेंस, विकास, सामान्य मानवीय जीवन में सरकार की दखल जितनी कम हो, उतना कम करने का प्रयास करेंगे। उसी से लोकतंत्र की मजबूती है। आज के टेक्नोलॉजी के युग में हम बदलाव चाहते हैं। मोदी ने कहा कि हम विकास का नया अध्याय लिखेंगे। गुड गवर्नेंस का नया अध्याय लिखेंगे। जनता-जनार्दन की भागीदारी का नया अध्याय लिखेंगे और सब मिलकर के विकसित भारत के सपने को साकार करके रहेंगे। इसके बाद वे भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी से मिलने उनके आवास पहुंचे। मोदी ने दोनों मार्गदर्शकों से आशीर्वाद लिया। वे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी मिले। -पेज 7 व 8 देखें



*नई दिल्ली। नरेंद्र मोदी शुक्रवार शाम को राष्ट्रपति भवन पहुंचे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया। इस दौरान उन्होंने मोदी को दही-चीनी भी खिलाई।*

### '25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर आना गर्व की बात'

राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद नरेंद्र मोदी ने कहा कहा कि 18वीं लोकसभा एक प्रकार से नई ऊर्जा, युवा ऊर्जा और कुछ कर गुजरने की इरादे वाली ये लोकसभा है। आजादी का अमृत महोत्सव के बाद यह पहला चुनाव है... तीसरी बार एनडीए सरकार को जनता ने देश की सेवा करने का मौका दिया है। मैं देश की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि पिछले दो कार्यकाल में देश जिस तेजी से आगे बढ़ा है, हर क्षेत्र में बदलाव दिख रहा है और 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकलना हर भारतवासी के लिए गर्व का क्षण है। रायसीना हिल्स पर अपने संबोधन में मोदी ने कहा मुझे दो कार्यकाल में नया अनुभव मिला है। अब इसी अनुभव से देश की सेवा करना है। इन 10 सालों में भारत की जो छवि बनी है। इसका अधिकतम लाभ अब शुरू हो रहा है। यह वैश्विक परिवेश में अहम होने वाला है। दुनिया अनेक संकट और आपदाओं से गुजर रही है। ऐसी विकट परिस्थिति दुनिया ने सालों बाद देखी है। हर देश खुद को चुनौतियों से बचाए रखने की कोशिश में जुटा है।

### CM भजनलाल और नवनिर्वाचित सांसदों ने की मोदी से मुलाकात

# मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ेगा देश

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को पूर्ण बहुमत मिलने के बाद शुक्रवार को पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में घटक दलों की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित दोनों डिप्टी सीएम दिया कुमारी व डॉ. प्रेमचंद बैरवा, नवनिर्वाचित सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी समेत सभी सांसद मौजूद रहे। इस दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने मोदी को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद एक्स पर लिखा कि पीएम ने देशहित में कई क्रांतिकारी फैसले लिए हैं। 'बीते 10 वर्षों में प्रधानमंत्री की अगुवाई में भारत ने विश्व मंच पर अपनी प्रतिष्ठा और स्वाभिमान में असाधारण बढ़ोतरी देखी है। मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उनकी दूरदृष्टि के चलते निस्संदेह देश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा और 'विकसित भारत' के लक्ष्य को भी निश्चित तौर पर प्राप्त करेगा'।



### दुष्यंत ने लिया मोदी का आशीर्वाद


संसदीय दल के नेता चुने जाने के बाद पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने भी पीएम मोदी का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। इस दौरान वसुंधरा ने अपने पास खड़े बेटे दुष्यंत सिंह को मोदी के पैर छूने के लिए कहा। दुष्यंत जैसे ही पैर छूने को झुके तो मोदी ने मजाकिया अंदाज में पीठ पर मुक्का मारा और मुस्करा दिए।

### एमपी के CM से मुलाकात

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक दिवसीय दिल्ली दौरे के दौरान जोधपुर हाऊस में मध्यप्रदेश के सीएम मोहनलाल यादव से मुलाकात की। इसके अलावा जोधपुर हाउस में सीएम भजनलाल शर्मा, सीपी जोशी और सह प्रभारी विजया राहटकर ने लंबी चर्चा की। सेंट्रल हॉल में सीएम भजनलाल शर्मा सबसे आगे की पंक्ति में गुजरात, मप्र और उप्र के मुख्यमंत्री के साथ बैठे थे।

### आज उदयपुर जाएंगे CM

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को उदयपुर जाएंगे। सीएम भजनलाल उदयपुर में प्रताप गौरव केंद्र में महाराणा प्रताप जयंती समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री जयपुर एयरपोर्ट से शाम 4 बजे रवाना होंगे।




## जरूरी खबर

### निकायों, पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव घोषित




**जयपुर।** आचार संहिता हटते ही शहरी निकायों, पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव घोषित किए गए। 11 शहरी निकायों में कुल 276 रिक्त पदों के लिए उप चुनाव होगा। इनमें रावतभाटा, भादरा में अध्यक्ष पद के लिए उपचुनाव होगा। हनुमानगढ़ नगर परिषद में सभापति और उप सभापति के रिक्त पद के लिए उपचुनाव होगा। रायसिंहनगर नगर पालिका में उपाध्यक्ष पद के लिए उपचुनाव होगा। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार जिला प्रमुख के 2, प्रधान, उप प्रधान के 1-1, जिला परिषद के 6, पंचायत समिति सदस्य के 22, सरपंच के 40, पंच के 327 पदों पर उपचुनाव होगा। इसके अलावा 37 उप सरपंचों के रिक्त पदों पर भी उपचुनाव होगा।

### ACB की पड़ताल

# घूस केस में RSRDC के एमडी, चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर भी आरोपी

बेधड़क | जयपुर

रोड प्रोजेक्ट के बिल पास करने और बजट आवंटन की एवज में 1.20 लाख रुपए की घूस लेने के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड (आरएसआरडीसी) के एमडी व चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर को भी आरोपी माना है।

एसीबी ने प्रारंभिक जांच पड़ताल के बाद आरोपी एमडी सुधीर माथुर, चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर आरके लूथरा और ठेकेदार मनीष को भी एफआईआर में नामजद किया है। हालांकि एसीबी ने इस मामले में अभी तक इन तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है। हालांकि आरोपी सुधीर माथुर व आरके लूथरा के घर पर एसीबी ने सर्च की कार्रवाई की थी, लेकिन आरोपियों के ठिकानों पर एसीबी को कुछ नहीं मिला है। गौरतलब है कि एसीबी ने पिछले सप्ताह संविदा पर लगे रिटायर्ड एएओ महेश गुप्ता और धौलपुर से अधिशासी अभियंता व प्रोजेक्ट डायरेक्टर सियाराम मीणा और भरतपुर से अधिशासी अभियंता व प्रोजेक्ट डायरेक्टर लक्ष्मण को घूस की राशि का लेनदेन करते गिरफ्तार किया था। आरोपी महेश गुप्ता प्रोजेक्टर डायरेक्टरों के मार्फत ठेकेदारों से मनमाफिक बजट आवंटन व बिल पास करने की एवज में कमीशन लेता था। महेश गुप्ता के इशारे पर ही पूरे आरएसआरडीसी के प्रोजेक्टों का काम होता था।



### रिश्वत लेने के लिए रखा था प्राइवेट ड्राइवर

एसीबी की जांच में सामने आया कि आरोपी महेश गुप्ता जिस दिन प्रोजेक्ट डायरेक्टरों से घूस की राशि लेता था। उस दिन वह अपने साथ प्राइवेट ड्राइवर साथ में लेकर आता था। आरोपी महेश गुप्ता ने अपने ड्राइवर प्रेम को पहले ऑफिस में टिफिन लेकर बुलाया था और प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा दी गई घूस के पैकेट को ड्राइवर को कार में रखकर आने के लिए कहा था। तब एसीबी ने प्रेम को पकड़ा और उससे पूछताछ की तो पैकेट महेश गुप्ता द्वारा देने के लिए कहा था।

### आय से अधिक संपत्ति की होगी जांच

ट्रेप की कार्रवाई के बाद एसीबी ने आरोपी महेश गुप्ता के घर पर सर्च किया। जहां पर एसीबी को 92 लाख रुपए की नगदी और लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर मिले थे। इसके अलावा आरोपी के घर पर करोड़ों रुपए के प्रॉपर्टी के दस्तावेज भी मिले थे। एसीबी अब आय से अधिक संपत्ति की भी जांच कर रही है। आरोपी महेश गुप्ता वर्ष 2022 में रिटायर हो गया था और फिर से संविदा पर लग गया था। विभाग के लेखाकार का पूरा काम महेश गुप्ता ही देखता था।

## जरूरी खबर

### युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक: मिश्र



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि नशा मुक्त समाज के लिए व्यापक स्तर पर पहल किए जाने की आवश्यकता है। राज्यपाल शुक्रवार को बीकानेर के राजकीय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विवि में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी और पुलिस रेंज बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संवाद 'नशे के विरूद्ध अभियान में समाज की भूमिका' को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने चिंता जताते हुए कहा कि देश में 6 करोड़ से अधिक लोग नशीली दवाइयों सेवन करते हैं। इनमें बड़ी संख्या में 10 से 17 वर्ष के किशोर शामिल हैं। यह आंकड़े डराने वाले हैं।

### बिजली संकट पर ऊर्जा मंत्री हर संभाग का करेंगे दौरा

**जयपुर।** राजस्थान में इस बार मौसम ने प्रचंड रूप दिखाया। भीषण गर्मी व हीट वेव के बीच बिजली की मांग और आपूर्ति का संतुलन गड़बड़ा गया। गर्मी में बिजली की बढ़ी मांग ने ऊर्जा विभाग और सरकार की चिंता बढ़ा दी। एक्सचेंज से महंगी बिजली खरीदकर सप्लाई के बावजूद गांव से शहर तक बिजली कटौती करनी पड़ी। अब बिजली आपूर्ति और विभागीय योजनाओं की समीक्षा के लिए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने अनूठी पहल की है। ऊर्जा मंत्री अब खुद हर संभाग में जाकर उस इलाके में बिजली की आपूर्ति की समीक्षा करेंगे। इस दौरान अधिकारियों की बैठक लेकर ऊर्जा विभाग की योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे।

### विस प्रकरणों के निस्तारण पर कार्मिकों का सम्मान



**जयपुर।** जलदाय विभाग में वर्षों से लम्बित चले आ रहे विधान सभा प्रश्न, आश्वासन, प्रस्ताव एवं याचिकाओं का शत-प्रतिशत निस्तारण करने पर विधानसभा प्रकोष्ठ के 9 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है। जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में विधान सभा से संबंधित 439 प्रश्न, 84 प्रस्ताव, 60 आश्वासन एवं 33 याचिकाओं सहित कुल 616 विधान सभा प्रकरण लम्बित थे। जिन्हें पिछले 3 माह में शासन सचिव के निर्देशन में विधान सभा प्रकोष्ठ में कार्यरत कार्मिकों द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए इन सभी का निस्तारण किया गया।

## दो दिवसीय कोटा दौरे पर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने चुनाव परिणाम पर कहा...

# देश अब भी सुरक्षित नेतृत्व के हाथों में, तेजी से होगा विकास

बेधड़क | जयपुर

कोटा। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शुक्रवार से दो दिवसीय कोटा दौरे पर हैं। कोटा पहुंचने पर उन्होंने वल्लभबाड़ी स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय पर पहुंचे, जहां पर वरिष्ठ प्रचारक रखो के साथ मंत्रणा की।

इसके बाद सर्किट हाउस पहुंचे, जहां पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा और भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश कुमार जैन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद में स्वामी विवेकानंद स्कूल महावीर नगर तृतीय में आरएसएस के शिक्षण वर्ग में शामिल होने का कार्यक्रम था।



मीडिया से बातचीत करते हुए गठबंधन की सरकार आने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वैसे तो गठबंधन की सरकार लगभग पिछले काफी समय से है, ये सबके स्वभाव में है। देश का नेतृत्व सफलतापूर्वक चलेगा। जिस प्रकार के समाचार आए हैं, उसमें साफ है कि एनडीए ने नेता भी चुन लिया गया है और प्रधानमंत्री पद का दायित्व का शपथ ग्रहण 9 जून को होगा। मोदी जिस मार्ग पर अभी चल रहे हैं, उसको गति देंगे और जनता की समस्याओं का समाधान और देश भी आगे ले जाने में जुटेंगे।

### विधायिका के प्रति जवाबदेह बनी रहे कार्यपालिका

देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा देश की कई विधानसभाओं में अग्रणी रही है। अब और अग्रणी बने, इसको लेकर मैंने चीफ सेक्रेटरी और सभी प्रिंसिपल सेक्रेटरी की मीटिंग ली है, ताकि कार्यपालिका का विधायिका के प्रति जवाबदेही बनी रहे व समय पर सभी विधायकों के प्रश्नों और ध्यान आकर्षण के जवाब मिले। मेरे सामने आया कि 15वीं विधानसभा के लगभग 5000 प्रश्न के उत्तर अभी तक बाकी हैं। इसलिए निर्देशित किया है कि एक सत्र शुरू होने के पहले पिछले सत्र के सभी प्रश्न क्लियर हो जाएं। दो दिन में करीब 2500 प्रश्न क्लियर कर दिए गए, शेष का जवाब दिया जा रहा है। सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित दिया है कि प्रश्नों में देरी होने से समितियों की बैठक और उनके पर्यवेक्षण समय से नहीं आ पाते हैं। इसके अलावा ऑडिट रिपोर्ट भी नहीं आ पाती है। इसी को लेकर हम रणनीति बना रहे हैं।

### परिणाम में आते रहते हैं उतार-चढ़ाव

देवनानी ने 400 पार के नारे पर कहा कि राजनीतिक पार्टी के लोग जवाब दे सकते हैं, लेकिन यह नारा एक लक्ष्य के रूप में था। जिस तरह का रिजल्ट आए हैं, लोकसभा चुनाव में सब दलों ने जितनी सीटं प्राप्त की है, उतनी एक दल ने प्राप्त की है। इसीलिए मैं समझता हूं कि उतार-चढ़ाव परिणाम में आते रहते हैं। आज भी देश सशक्त नेतृत्व के हाथ में है। देश इसी गति से आगे बढ़ेगा। बीजेपी खुद बहुमत के आंकड़े से ऊपर थी, अब कई बिल में विरोधाभास के सवाल पर वासुदेव देवनानी ने कहा कि सभी दल सहयोग करेंगे। बैठक में सभी ने विचार प्रकट किए हैं। इसमें एनडीए के सभी घटक दलों ने नरेंद्र मोदी में विश्वास प्रकट किया है।

## प्रदेश की 711 गोशालाओं में टैंकरों से पानी की निशुल्क सप्लाई

# गोवंश की प्यास बुझाने को दिया 1.40 करोड़ का अतिरिक्त बजट

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण इस बार पानी की किल्लत बनी हुई है। प्रदेश की कई गोशालाओं में भी गायों के लिए पीने के पानी की समस्या सामने आई। ऐसे में गोपालन विभाग ने चयनित गोशालाओं में गायों के लिए पीने के पानी का इंतजाम करने के लिए 1.40 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बजट स्वीकृत किया है। इस राशि से गोशालाओं में गायों के लिए टैंकर से पेयजल सप्लाई किया जा रहा है।

गोपालन निदेशक डॉ. शालिनी शर्मा ने बताया कि नौतपे में तापमान बढ़ने के बीच कई गोशालाओं में पानी की किल्लत की जानकारी मिली थी। इस पर गोपालन निदेशालय की अनुशंसा पर वित्त विभाग ने 1.40 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है।

इस राशि से प्रदेश की 778 गोशालाओं में 3,11,470 गोवंश के लिए पीने के पानी की निशुल्क सप्लाई टैंकरों के जरिए की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की कई गोशालाओं में पानी के स्थाई स्रोत सूखने या अन्य कारणों से पानी की किल्लत हुई है।

सभी गोशालाओं से पानी की डिमांड की जानकारी जुटाई गई है, जहां से पानी की डिमांड आई है।

उन गोशालाओं में टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिन गोशालाओं में पानी की किल्लत है। वहां एक दिन के अंतराल से गोवंश की संख्या के अनुसार टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है। इस व्यवस्था के तहत एक महीने (4 जून से 4 जुलाई) तक पानी की सप्लाई की जाएगी।



### यहां है ज्यादा डिमांड

गोपालन निदेशक डॉ. शालिनी शर्मा के अनुसार, कुचामन सिटी में गोशालाओं से सबसे ज्यादा पानी की डिमांड आई है। जहां 147 गोशालाओं में टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है। बीकानेर में 130 गोशालाओं से भी पानी की डिमांड आई है, जबकि नागौर में 86 गोशालाओं से पानी की डिमांड आई है। इन गोशालाओं में एक महीने तक एक दिन के अंतराल से पानी की सप्लाई की जाएगी।

### इन संभागों में इतनी सप्लाई

अजमेर संभाग में 256 गोशालाओं में 74,283 गोवंश के लिए पानी की निशुल्क सप्लाई की जा रही है, जबकि भरतपुर संभाग में 7 गोशालाओं में 3,044 गोवंश के लिए टैंकरों से पानी भिजवाया जा रहा है। बीकानेर संभाग में 231 गोशालाओं में 99,385 गोवंश के लिए, जयपुर संभाग में 34 गोशालाओं में 29,832 गोवंश के लिए टैंकर से पानी भिजवाया जा रहा है। इसी तरह जोधपुर संभाग की 205 गोशालाओं में 85,807 गोवंश के लिए, कोटा संभाग की 7 गोशालाओं में 1,904 गोवंश के लिए और उदयपुर संभाग की 38 गोशालाओं में 17,215 गोवंश के लिए टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है।

### छाया के लिए भी किए जा रहे इंतजाम

डॉ. शालिनी शर्मा ने बताया कि इस बार तेज गर्मी और हीटवेव का असर पशु-पक्षियों पर भी पड़ा है। ऐसे में विभाग द्वारा मिशन एसयूएन-रक्षण चलाया गया है। इसके तहत जिन गोशालाओं में गायों के लिए शेड्स नहीं हैं। वहां शेड्स बनवाए जा रहे हैं। शेड टूट गए हैं तो उनकी मरम्मत भी करवाई जा रही है। इसके साथ ही पक्षियों के लिए भी दाने-पानी का इंतजाम किया जा रहा है। विभाग के कार्यालयों और गोशालाओं में परिंडे बंधे जा रहे हैं। गोपालन विभाग की निदेशक डॉ. शालिनी शर्मा ने शुक्रवार को अजमेर जिले की गोशालाओं का निरीक्षण कर हालात जाने। उन्होंने पशुपालन विभाग के जिला कार्यालय में अधिकारियों की बैठक भी ली। उन्होंने पुष्कर, नारेली और लोहागल में गोशालाओं का निरीक्षण किया और टैंकर से निशुल्क पेयजल सप्लाई का जायजा लिया।

## मुख्य सचिव पंत ने बैठक में दिए निर्देश

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर पानी, बिजली व स्वास्थ्य सुविधाओं पर करें फोकस



बेधड़क | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस दौरान मुख्य सचिव ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल एवं शौचालयों के निर्माण तथा बिजली के कनेक्शन किया जाने जैसे कामों पर फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा कॉन्फेड से संचालित कार्य को और बेहतर किया जाए एवं इसके विकल्प ढूंढे जाए।

उन्होंने विभाग में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषाहार सप्लाई की मात्रा एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। विभागीय योजना के तहत दिए जाने वाले लाभ महिलाओं एवं बच्चों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ दिए जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत महिला कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन या टेबलेट दिया जाए, जिससे ऑनलइन मॉनिटरिंग की जा सके। दैनिक समय सारणी को ऑनलाइन लिया जाए साथ ही प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा एक व्हाट्सप्प ग्रुप बनाकर बच्चों के अभिभावकों को उसमें जोड़ा जाए।

आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों का विस्तृत डाटा तैयार किया जाए जिसमें स्वास्थ्य रिकॉर्ड, अभिभावकों का ब्यौरा शामिल हो। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री मातृवन्दना योजना एक बेहद ही महत्वपूर्ण योजना है इसकी जागरूकता जन-जन तक पहुंचाई जाए। इस योजना का प्रत्येक योग्य लाभार्थी को लाभ मिले। पीएम जनमन योजना पर भी विशेष ध्यान दिया जाए और आंगनबाड़ी केंन्द्रों को सक्षम बनाया जाए। मुख्य सचिव ने महिला एवं बाल विकास विभाग में लंबित डीपीसी का निस्तारण करने के साथ ई-फाइलिंग में औसत निस्तारण समय को और कम करने के लिए कार्य करने के निर्देश भी दिए।

## बांसवाड़ा सांसद रोत ने गहलोत व किरोड़ी से की मुलाकात

# भारत आदिवासी पार्टी स्वतंत्र रहकर लड़ेगी आदिवासी हक की लड़ाई

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान की बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट से भाजपा के महेंद्रजीत सिंह मालवीय को हराने वाले भारत आदिवासी पार्टी के राजकुमार रोत शुक्रवार को जयपुर में पूर्व सीएम अशोक गहलोत और भजनलाल सरकार के मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा से मिले।

उन्होंने कहा कि अभी हम स्वतंत्र हैं। जरूरत पड़ी तो इंडिया अलायंस के साथ जाएंगे। जयपुर में मीडिया से बातचीत में राजकुमार रोत ने कहा कि सबके मन में यह सवाल पैदा हो रहा है कि हम किसके साथ हैं। मैं बता दूं कि हम स्वतंत्र चुनाव लड़े थे।



महेंद्रजीत सिंह मालवीय कांग्रेस से भाजपा में गए। उन्हें सबक सिखाने के लिए कांग्रेस वाले हमारे साथ आए। उन्होंने हमारा साथ भी दिया।

रोत ने कहा कि बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट पर कांग्रेस का प्रत्याशी चुनाव में खड़ा रहा। बागीदौरा में भी उनका प्रत्याशी था। ऐसे में यह अधूरा अलायंस था, लेकिन चुनाव में उन्हें कांग्रेस का सहयोग मिला है। इस बात को हम भी मानते हैं। अभी हम गठबंधन में न रहकर स्वतंत्र रहेंगे, लेकिन जब जरूरत पड़ेगी तो इंडिया अलायंस के साथ जाएंगे। वैसे हम स्वतंत्र रूप से काम करेंगे। इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जीत की बधाई देने के लिए गोविंद सिंह डोटासरा समेत बाकि सबका कॉल आया था, लेकिन हम इंडिया अलायंस का हिस्सा नहीं हैं। हम स्वतंत्र थे और स्वतंत्र रहेंगे, लेकिन मेरी जीत में कांग्रेस का योगदान रहा है और जब भी मेरी जरूरत पड़ेगी हम इंडिया अलायंस के साथ जाएंगे।

## आश्वासन समिति के सभापति गोठवाल ने लगाई फटकार

# 15वीं विस के 382 सवालों के नहीं आए जवाब

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा की सरकारी आश्वासन समिति की बैठक शुक्रवार को विधानसभा में आयोजित की गई। समिति के सभापति और भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने सदन में सवालों के जवाब नहीं देने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई।

गोठवाल ने अधिकारियों को सभी विभागों के लंबित सवालों के जवाब के लिए 3 माह की मोहलत देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ भजनलाल सरकार सख्त है। ऐसे में 3 माह के दौरान लंबित सवालों के जवाब नहीं देने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं समिति के सभापति जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि बैठक में 15वीं विधानसभा के सवालों के जवाबों पर चर्चा की गई। इस दौरान 382 सवाल ऐसे पाए गए, जिसमें संबंधित विभाग या अधिकारियों द्वारा जवाब ही नहीं दिया गया। विधानसभा सदस्यों द्वारा जनता से जुड़े सवालों को सदन में उठाया जाता है लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उनके सवालों के जवाब तक नहीं दिया जा रहा।



यह स्थिति गंभीर और चिंतनीय है। गोठवाल ने कहा कि प्रदेश की 6 करोड़ जनता की आस्था का केंद्र विधानसभा में विधायकों के सवालों का जवाब नहीं देना सदन की गरिमा के खिलाफ है। अब राजस्थान में राज बदल गया है। राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन सरकार जनता से जुड़े हर विषय पर गंभीर है। अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में सदस्य देवी सिंह शेखावत, गोविंद प्रसाद, अशोक कुमार कोठारी सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## अजमेर दौरे पर पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम पायलट... बोले

# परिणामों ने दिखाया... लोग अब पसंद नहीं करते धर्म के नाम पर राजनीति

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि इस देश के अधिकांश लोग धर्म के नाम पर हो रही राजनीति को पसंद नहीं करते।

शुक्रवार को अजमेर में मीडिया से बातचीत में पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, ''राजनीति होती है सिद्धांत की, संविधान की, प्रगति की, विकास की, योजना की, उद्योग की, निवेश की, और आप मंगलसूत्र की, हिन्दू-मुसलमान की, मंदिर-मस्जिद की राजनीति कर रहे हैं।



नौजवान पीढ़ी और अधिकांश लोग इसे पसंद नहीं करते।। मुझे लगता है भाजपा को यह बात समझ आ गई होगी।'' उन्होंने कहा कि इस चुनाव में पूरी दुनिया देखना चाहती थी कि देश के लोग किस प्रकार की राजनीति को पसंद करते हैं। पायलट ने कहा कि पिछले 10 साल से भाजपा के शासन में लोगों ने जो राजनीति देखी, वो सिर्फ भाषण, प्रचार, प्रोपेगेंडा, झंडा, बैनर, टेलीविजन की राजनीति थी। इस दौरान पायलट ने प्रदेश की भजन लाल सरकार पर भी यह तंज कसा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा की सरकार को बने हुए 6 महीने हो गए हैं. मगर पानी और बिजली की समस्या से लोगों को कोई राहत नहीं मिल पा रही है। चुनाव से पहले भाजपा ने बड़े-बड़े वादे किए थे, जो धरातल पर नजर नहीं आ रहे।

### यह खंडित जनादेश, सत्ता पक्ष करे आकलन

पायलट ने आगे कहा कि अगर आप लोकसभा के चुनाव परिणाम का आकलन करेंगे तो पाएंगे कि लोगों ने सरकार के खिलाफ वोट किया है। भाजपा के सांसद 303 थे, जिनमें से 60-70 इस बार कम हो गए हैं। राजग ने 400 सीट जीतने का दावा किया था, जो उसे नहीं मिलीं। उन्होंने कहा कि यह खंडित जनादेश है। किसी भी दल को सरकार बनाने के लिए स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। जो सत्ता में थे उनको अपने गिरेबान में झांकना चाहिए और आकलन करना चाहिए कि उनसे कहां कमी रह गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन को अपार जनसमर्थन जनता का मिला है। पायलट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन राजस्थान में बहुत बेहतर रहा, पिछले लोकसभा चुनाव में हम एक भी सीट जीत नहीं पाए थे लेकिन इस बार 11 सीट पर भाजपा को हरा दिया। यह हम सब की सामूहिक मेहनत का परिणाम है।

### जहां मिली हार वहां अगली बार दोगुनी मेहनत से करेंगे जीत दर्ज

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत के दूसरी बार चुनाव हारने पर पायलट ने कहा कि हम लोगों ने 11 सीटों पर भाजपा को हराया है और जहां जहां हम लोग भाजपा को हरा नहीं पाए अगली बार हम दोगुनी मेहनत करके उनको हराएंगे, लेकिन आज देश और प्रदेश का मूड कांग्रेस के साथ है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) को 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में नहीं बुलाए जाने पर पार्टी नाराजगी के बारे उन्होंने कहा आने वाले समय में 'इंडिया' गठबंधन में और भी दल शामिल होंगे। मालूम हो कि हनुमान बेनीवाल ने इंडिया गठबंधन की बैठक में नहीं बुलाए जाने पर नाराजगी जाहिर की थी।

## जरूरी खबर

### 25 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त



**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज की स्वास्थ्य शाखा ने शुक्रवार को अभियान चलाकर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 45 हजार से अधिक जुर्माना राशि वसूल कर 25 किलो प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की है। उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि स्वास्थ्य शाखा ने अभियान चलाकर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 45 हजार से अधिक की जुर्माना राशि वसूल कर 25 किलो प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की है।

### सतर्कता शाखा ने हटाए अस्थाई अतिक्रमण




**जयपुर।** हेरिटेज निगम ने शुक्रवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन ट्रक सामान जब्त किया है। कार्रवाई के संबंध में उपायुक्त सतर्कता पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि शुक्रवार को ब्रह्मपुरी थाने के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। ब्रहमपुरी थानाधिकारी ईश्वर पारीक और हेरिटेज निगम के राजस्व निरीक्षक बेद्यनाथ कौशिक के नेतृत्व में निगम दस्ते ने दिल्ली रोड पर पुरानी चुंगी से जयसिंहपुरा खोर तक सड़क किनारे खड़े ठेलों और मार्ग अवरुद्ध करने वाले अन्य अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई में तीन ट्रक सामान जब्त किया। सतर्कता शाखा उपायुक्त राठौड़ ने बताया कि अतिक्रमियों को भविष्य में सड़क पर अस्थाई अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी।

**बिगड़े मौसम से झुंझुनूं और सीकर में तीन लोगों की मौत की सूचना**

# आंधी-बारिश में जयपुर में मोबाइल टावर और होर्डिंग गिरे

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में शुक्रवार को मौसम में अचानक हुए परिवर्तन के बाद कई जिलों में धूलभरी आंधी के बाद तेज बारिश हुई। राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के 6 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। जयपुर में दोपहर बाद आई आंधी व बारिश के कारण नगर निगम हेरिटेज मुख्यालय में लगा मोबाइल टावर गिर गया। भारत सेतु पर लगा होर्डिंग भी धराशायी हो गया। गनीमत रही कि दोनों ही जगह कोई जनहानि नही हुई। दूसरी ओर झुंझुनूं और सीकर में तीन लोगों की मौत की सूचना है। शुक्रवार को प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में आंधी के साथ बारिश हुई। सीकर में 40 किमी प्रति घंटा की स्पीड से हवा चली। इस दौरान सीकर में दीवार ढहने से महिला की मौत हो गई। उसका बेटा घायल हो गया। इससे पहले देर रात झुंझुनूं के खेतड़ी में आंधी के कारण पेड़ टूटकर गिरने से 11 साल की बच्ची और उसकी मां की मौत हो गई।



फोटो: पंकज शर्मा

### जयपुर सहित इन जिलों में हुई बारिश

राजधानी जयपुर में दोपहर बाद बारिश हुई। इसके अलावा सीकर, झूंझुनूं, राजसमंद में बारिश हुई। वहीं दौसा, गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर के कुछ इलाकों में तेज धूलभरी आंधी भी चली। इससे कई जगहों से बिजली के खंभे, पेड़ और टावर गिरने घटनाएं भी सामने आई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान की मानें तो आने वाले दो दिन तक प्रदेश के अलग-अलग जिलों में आंधी-बारिश का दौर जारी रहेगा। 10 जून को भी कोटा, उदयपुर संभाग के कुछ भागों में बारिश हो सकती है।

### मॉनिटरिंग के लिए इंसीडेंट कमांडर नियुक्त

जयपुर में आगामी मानसून सत्र में बाढ़ की स्थिति से निपटने तथा जल भराव के क्षेत्रों की मॉनिटरिंग करने के लिए जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने इन्सीडेन्ट कमांडर की नियुक्ति की है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (दक्षिण) शैफाली कुशवाह ने बताया कि शहरी क्षेत्र में 9 इन्सीडेन्ट कमांडर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपखण्ड अधिकारियों को इन्सीडेन्ट कमांडर की जिम्मेदारी सौंपी है। इन्सीडेन्ट कमांडर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करेंगे।

**राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव को लेकर असमंजस बरकरार**

# BCCI से फंड नहीं मिला तो मुश्किल होगा क्रिकेट गतिविधि का संचालन

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव को लेकर असमंजस की स्थिति और बढ़ गई है। शुक्रवार को जयपुर में हुई एडहॉक कमेटी की बैठक में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव की तारीख को लेकर फैसला होना था, लेकिन देर शाम आखिरी वक्त पर एडहॉक कमेटी ने चुनाव की तारीख का ऐलान नहीं किया। इसके बाद प्रदेशभर के जिला संघों के पदाधिकारियों का इंतजार और बढ़ गया है।

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन एडहॉक कमेटी के संयोजक जयदीप बिहानी ने कहा कि एडहॉक कमेटी के काफी सदस्य राजनीतिक दलों से संबंधित है, जिनकी लोकसभा चुनाव में पॉलिटिकल ड्यूटी लग गई थी। इस वजह से आरसीए की चुनाव प्रक्रिया में कुछ देरी हो रही है। संयोजक जयदीप बिहानी ने कहा कि शुक्रवार की बैठक में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। ऐसे में सरकार एडहॉक कमेटी की समय अवधि को और बढ़ाएगी या नहीं इस पर भी अंतिम फैसला सरकार के स्तर पर ही किया जाएगा।

## एडहॉक कमेटी की बैठक में नहीं हो पाया चुनाव की तारीख का फैसला




### जून में प्रस्तावित हैं RCA चुनाव

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन भंग होने के बाद एडहॉक कमेटी का गठन हुए लगभग 2 महीने से ज्यादा का वक्त बीत गया है, जबकि एडहॉक कमेटी का कार्यकाल 90 दिन का ही होता है। ऐसे में जून महीने के आखिरी सप्ताह तक (28 जून पहले तक) एडहॉक कमेटी को चुनाव प्रक्रिया पूरी कर नई कार्यकारिणी का गठन करना होगा। ऐसे में अगर अगले 48 घंटे में चुनाव का ऐलान नहीं होता है, तो सरकार एडहॉक कमेटी का समय भी बढ़ा सकती है।

### RCA की माली हालत खराब

बिहानी ने कहा कि मीटिंग में राजस्थान में क्रिकेट की रुकी हुई गतिविधियां फिर से कैसे शुरू हो, इसको लेकर चर्चा की गई है। बिहानी ने कहा कि हमसे पहले जो लोग पदाधिकारी थे। उन्होंने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का सारा खजाना खाली कर दिया था, जिसकी वजह से फिलहाल राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की माली हालत काफी खराब है। वैसे भी पैसे का कम पैसे से ही किया जा सकता है। ऐसे में जब तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा हमें फंड उपलब्ध नहीं करवाया जाएगा, तब तक क्रिकेट गतिविधियों का संचालन करना काफी मुश्किल होगा।


### नई कार्यकारिणी के बाद हल होंगी समस्याएं

बिहानी बोले कि हमारे प्रतिनिधि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पदाधिकारी से मिलने जाएंगे और उन्हें राजस्थान के खिलाड़ियों और क्रिकेट के हालात समझाएंगे, ताकि प्रदेश के खिलाड़ियों का पैसा हमें मिल सके। बिहानी ने कहा कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन पर चल रहे करोड़ों रुपए बकाया को चुकाने की जिम्मेदारी एडहॉक कमेटी की नहीं है। जब नई कार्यकारिणी का गठन होगा। तब वहीं इस समस्या का समाधान कैसे होगा। इसपर कोई फैसला लेगी।

### फंड की कमी से नहीं हो पाए टूर्नामेंट

दरअसल, राजस्थान के घरेलू क्रिकेट सत्र में अलग-अलग आयु वर्ग के जिले से राज्य स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन करवाया जाता है। इसमें करीब 20 हजार से ज्यादा खिलाड़ियों की भागीदारी रहती है, लेकिन इस साल फंड की कमी की वजह से अब तक इन प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं किया गया है, जबकि हर साल राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-19 और अंडर-23 क्रिकेट प्रतियोगिता मई और जून महीने में कराई जाती थी। इसी तरह सीनियर कॉल्विन शील्ड और जूनियर अंडर-16 टूर्नामेंट जुलाई और अगस्त के महीने में होते रहे हैं। इसी तरह महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन भी किया जाना था। इन राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में खेलकर प्रदेशभर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का राष्ट्रीय स्तर पर परिचय दे पाते हैं।

### प्रतिबंधित दवा ऑनलाइन मंगवाने की सूचना पर सर्च



**जयपुर।** ऑनलाइन प्रबंधित दवाएं मंगवाने की सूचना पर कमिश्नरेट पुलिस ने फ्लिपकार्ट और ई कार्ट के डिपो में स्नीफर डॉग की मदद से सर्च किया। जयपुर कमिश्नरेट की सीएसटी और पुलिस मुख्यालय के सीआईडी सीबी के विस्टा स्नीपर डॉग ने भांकरोटा, रिंग रोड व विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया में सभी डिपो पर एक-एक कर सर्च किया। हालांकि, इस दौरान पुलिस को डिपो से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर शहर में फ्लिपकार्ट एवं ई-कार्ट डीपो में संदिग्ध वस्तुएं, अवैध मादक पदार्थ व प्रतिबंधित दवाइयों के आने की सूचना मिली थी। इस पर डीसीपी क्राइम के सुपर वीजन में एक टीम बनाई गई। टीम ने फ्लिपकार्ट एवं ई-कार्ट डीपो की चैकिंग की कार्यवाही की। फ्लिपकार्ट एवं ई-कार्ट डीपो भांकरोटा, रिंग रोड व विश्वकर्मा इंडस्ट्रीयल एरिया को 'विस्टा' स्नीफर डॉग की मदद से चैक किया गया। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को संदिग्ध वस्तु, अवैध मादक पदार्थ व प्रतिबंधित दवाइयां नहीं मिली। कुछ समय पहले वीकेआई थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**रेलवे कर्मचारियों ने लोगों की मदद से पाया काबू**

# चलती ट्रेन के AC कोच में आग, 70 को बचाया

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में शुक्रवार सुबह चलती ट्रेन के एसी कोच में आग लग गई। फायर अलार्म बजने पर ट्रेन रोककर यात्रियों को दूसरे कोच में शिफ्ट किया। रेलवे कर्मचारियों ने लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। करीब एक घंटे बाद कोच बदलकर ट्रेन को रवाना किया गया। सीपीआरओ शशि किरन ने बताया- साबरमती-दौलतपुर चौक एक्सप्रेस ट्रेन सुबह करीब 5 बजे ट्रेन खातीपुरा से जगतपुरा की ओर जा रही थी। सीबीआई फाटक के



पास चलती ट्रेन के एसी कोच में आग लग गई। थोड़ी देर में आग की लपटें उठने लगीं और कोच में धुआं फैल गया। इससे यात्री घबरा गए। तुरंत फायर अलार्म बजाया गया तो पायलट ने तुरंत ट्रेन रोकी। शशि किरन ने बताया कि आग लगने वाले कोच में सवार 70 यात्रियों को दूसरे कोच में शिफ्ट किया। रेलवे कर्मचारियों ने लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। कोच को अलग करके बदल दिया गया है। करीब 1 घंटे बाद ट्रेन को रवाना किया गया। कोच में आग लगने के कारण का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। सभी यात्री सुरक्षित हैं। साबरमती दौलतपुर चौक एक्सप्रेस ट्रेन रात 2:25 बजे दौलतपुर चौक से रवाना होती है। चंडीगढ़ और जयपुर होते हुए अगले दिन दोपहर 2:55 बजे साबरमती पहुंचती है।

### नीट का रिजल्ट रिवाइज करें



*जयपुर। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की राजस्थान विश्वविद्यालय की इकाई ने नीट का रिजल्ट रिवाइज करने तथा पेपर लीक के दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रर्शन किया। दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राजस्थान विश्वविद्यालय का मुख्य द्वार बंद कर अपना विरोध दर्ज करवाया। प्रदर्शन में किशोर चौधरी, महेश चौधरी, अमरदीप परिहार,मोहित यादव और राहुल महला सहित कई छात्र नेता और स्टूडेंट्स शामिल रहे।*

**खोले के हनुमान मंदिर में सियाराम जी का पाटोत्सव कल से**

# श्रीराम नाम के उच्चारण से 11 दिन तक गुंजायमान रहेगी लक्ष्मण डूंगरी

**बेधड़क** | जयपुर

श्री खोले के हनुमान मंदिर के शिखर पर स्थित सियाराम जी मंदिर का पाटोत्सव 9 से 23 जून तक मनाया जाएगा। ग्यारह दिवसीय पाटोत्सव के दौरान वेदमाता, गंगामाता, अन्नपूर्णा माता का पाटोत्सव भी मनाया जाएगा। जयपुर के प्रसिद्ध भजन मण्डल हर दिन प्रातः व सायं सामूहिक सुंदरकाण्ड और भजन गायन करेंगे। यज्ञ आहूति की सुगंध व श्रीराम के उच्चारण से 11 दिन लक्ष्मण डूंगरी गूंजायमान रहेगी।

श्री नरवर आश्रम सेवा समिति प्रन्यास के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि प्रबंध समिति ने पाटोत्सव के कार्यक्रमों के लिए समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। सोमवार को प्रातः 6 बजे सियारामजी महाराज का 108 औषधि द्रव्यों से मंत्रोच्चारण के साथ महाअभिषेक, प्रातः 8 बजे वेद पाठ, 9 बजे श्री वाल्मिकी रामायण का अखण्ड पारायण प्रारम्भ, 10 बजे षोडशोपचार पूजन, अभिषेक, श्रृंगार, 11 बजे राजभोग, 11.30 बजे आमंत्रित आदरणीय संतगण एवं महंतगण द्वारा विशेष उत्सव आरती और 12 बजे संत-महंत सम्मान आशीर्वचन होगा।

युवा सत्संग रामायण सेवा समिति के सत्यनारायण ठाकुरिया व महेश माचीवाल के संयोजन में दोपहर 1 बजे सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ, सायं 6.30 बजे गौरांग महाप्रभु सत्संग मण्डल के राधामोहन नानूवाला के सानिध्य में भजन संकीर्तन एवं बधाई गायन की प्रस्तुति होगी।



### आज मनाया जाएगा रामोत्सव

पाटोत्सव से पूर्व शनिवार 8 जून को रामोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें प्रात: 6 बजे श्री रामदरबार का श्रृंगार व सजावट, 7 बजे सामूहिक सुंदरकाण्ड व भजन गायन होगा। रामोत्सव में माथुर चतुर्वेदी, वैद्य अंशुमान, गिरधारी व गोविन्द चतुर्वेदी कार्यक्रम के संयोजक होंगे। सोमवार 10 जून को सायं 7 बजे अमर जेतपुरिया व राजेन्द्र सैनी के संयोजन में श्री गणेश भजन मण्डल द्वारा भजन एवं बधाई गायन होगा।

### वेदमाता गायत्री का अठारहवां पाटोत्सव 11 को

प्रबंध समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि मंगलवार 11 जून को वैद्य अशोक शर्मा के संयोजन में वेदमाता गायत्री का अठारहवां पाटोत्सव के तहत प्रात: 6 बजे महाअभिषेक, 8 बजे गायत्री माता जाप पारायण, 10 बजे षोडशोपचार पूजन, अभिषेक व श्रृंगार, 11 बजे राजभोग के बाद विशेष उत्सव आरती होगी। 14 जून को सियाराम जी महाराज का छठी उत्सव सायं 6 बजे शुक सम्प्रदाय पीठाधीश्वर आचार्य अलबेली माधुरी शरण महाराज के पावन सानिध्य में धूमधाम से मनाया जायेगा। छठी उत्सव के संयोजक प्रवीण भैया व गोपाल लाल सैनी होंगे। मुख्य संयोजक ओम रावत ने बताया कि शनिवार 15 जून को अन्नपूर्णा माता का सप्तम् पाटोत्सव मनाया जाएगा। रविवार 16 जून को गंगामाता का सोलहवां पाटोत्सव मनाया जाएगा। पाटोत्सव के समापन दिवस 23 जून को खौजीद्वाराचार्य त्रिवेणीधाम, पीठाधीश्वर स्वामी रिछपाल दास देवाचार्य के सानिध्य में प्रात: 9 बजे श्री हरिनाम संकीर्तन, बधाई गायन किया जायेगा। इस अवसर पर त्रिवेणीधाम सत्संग मण्डल प्रस्तुति देगा। कार्यक्रम रामअवतार अग्रवाल व रामचन्द्र अग्रवाल के संयोजन में सम्पन्न होगा।

## ॥ जरूरी खबर ॥

### मंदिर का पाटोत्सव एवं विद्यार्थी सम्मान समारोह आज



**चाकसू।** कस्बे के कोर्ट मोहल्ला स्थित बिहारीजी मंदिर में शनिवार को सनाढ्य ब्राह्मण समाज की ओर से पाटोत्सव, अभिषेक व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता एवं पार्षद दिनेश शर्मा ने बताया कि इस मौके पर भगवान का पंचामृत से अभिषेक होगा व जिन विद्यार्थियों ने 10वीं 12वीं में 75 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए हैं, उनका सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज को नई गति व दिशा देने को लेकर विस्तार से समाज बंधुओं से चर्चा होगी।

### शिविर में आश्रितों की समास्याओं का हुआ समाधान

**सीकर।** फतेहपुर में आयोजित समस्या समाधान शिविर में केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से 27 पूर्व सैनिक, वीरांगनाओं व आश्रितों की समस्याओं का समाधान किया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला ने बताया कि शिविर में सम्मान भत्ता एक, पेंशन संबंधी 10, इसीएचएस सुविधा की 2, आश्रितों को सुविधा की एक, सीएएसडी स्मार्ट कार्ड की 4, रिलेशन संबंधी 3, पीपीओ की एक, डिस्चार्ज बुक की 2, बैंकको एक सहत अन्य 2 प्रकरणों का मौके पर ही समाधान कर पूर्व सैनिक, वीरांगनाओं व आश्रितों को लाभान्वित किया गया।

### अब खाद्य सुरक्षा योजना की E-KYC 30 जून तक



**सीकर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित लाभार्थियों की ई-केवाईसी उचित मूल्य दुकानदार के माध्यम से की जानी है। राशनकार्ड में दर्ज प्रत्येक सदस्य को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है। जिला रसद अधिकारी मुनेश कुमारी ने बताया कि डीलर एसोसिएशन सीकर के जिलाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष के माध्यम से जिले में कार्यरत उचित मूल्य दुकानदारों को निर्देशित किया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सभी लाभार्थियों की खाद्यान्न का वितरण करते समय 30 जून 2024 तक शत-प्रतिशत ई-केवाईसी किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थी किसी भी उचित मूल्य दुकानदार से ई-केवाईसी करवा सकते हैं।

**सरकारी सहायता की दरकार...** प्राकृतिक आपदा से खेती को नुकसान होने पर मुआवजे का प्रावधान नहीं

# ईरान-अफगान तक खुशबू बिखेरने वाले पान की खेती पर संकट

**बेधड़क** | भरतपुर

अपने खास स्वाद के लिए ईरान व अफगानिस्तान तक खासी पहचान रखने वाले जिले के पान से अब यहां के किसान भी धीरे-धीरे मुंह फेरने लगे हैं।

स्वाद और तीखेपन की वजह से यहां के पान की देश के साथ ही अरब देशों में भी खासी डिमांड रहती है, लेकिन पान की खेती से जुड़े किसानों को लगातार कई सालों से नुकसान पर नुकसान झेलना पड़ रहा है। यही वजह है कि परंपरागत तरीके से पान की खेती करने वाले किसान सरकारी सहायता नहीं मिलने की वजह से अब पान की खेती छोड़कर रोजगार के लिए शहरों का रुख करने लगे हैं। जिले के बयाना और वैर क्षेत्र के गांव उमरैण, खरौरी, बागरैन और खानखेड़ा गांव के तमोली समाज के करीब 400 किसान पान की खेती से जुड़े हुए हैं। ये किसान कई पीढ़ियों से परंपरागत रूप से पान की खेती करते आ रहे हैं।



इस क्षेत्र के पान की विशिष्ट स्वाद और तीखेपन की वजह से उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पाकिस्तान, बांग्लादेश, ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान तक डिमांड रहती है। खरैरी गांव के पान उत्पादक किसान चंदन सिंह ने बताया कि कोरोना के समय पान की अच्छी पैदावार हुई थी, लेकिन लॉकडॉउन की वजह से पान की फसल मंडी तक नहीं पहुंच पाई, जिसकी वजह से किसानों को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ा।

इसके बाद हर साल पान की खेती में तेज सर्दी और पाले से काफी नुकसान हो जाता है, लेकिन कभी भी पान की खेती में नुकसान मुआवजा नहीं दिया जाता। इसलिए पानी की खेती को बचाने के लिए सरकारी सहायता की दरकार है।

### लोग इसलिए कर रहे पान की खेती से किनारा

किसान चंदन और पदम ने बताया कि किसान ने बताया कि लगभग 500 रुपए में सौ पौधे खरीदकर लाता है। मेहनत से पान का उत्पादन करता है लेकिन जब मौसम की मार से फसल में नुकसान हो जाता है तो मुश्किल से परिवार पालने के लायक आमदनी हो पाती है। यही वजह है कि इन चारों गांवों से कई किसान पान की खेती छोड़कर रोजगार की तलाश में शहर की तरफ पलायन कर गए हैं।

### खेती में ये चीजें बढ़ाती हैं पान का स्वाद

किसान चंदन ने बताया कि पान में खास स्वाद और तीखापन है। इसके लिए पान की खेती में दूध, दही, छाछ, सरसों की खली, सरसों और तिल के तेल का उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि सर्दी के मौसम में पाले से और ओलावृष्टि से फसल में ज्यादा नुकसान होने की आशंका रहती है। ज्यादा गर्मी के मौसम में भी फसल को बचाने के लिए फूंस की टाटी आदि लगा के इंतजाम किए जाते हैं। लगातार पानी की तलाई करनी पड़ती है। तब जाकर फसल को सुरक्षित रख पाते हैं, फिर भी फसल में कुछ ना कुछ नुकसान हो जाता है। इसके बाद पान की पैदावार को नजदीकी आगरा मंडी में बेचने के लिए ले जाते हैं, जहां से विदेशों तक सप्लाई होता है।

**RSS के प्रदेश प्रचारक निंबाराम ने** विकास वर्ग के समापन पर कहा...

# संस्कार व जीवन मूल्यों को आगे ले जाने का माध्यम है परिवार

**बेधड़क** | कोटा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से आयोजित कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम का प्रथम समापन समारोह शुक्रवार को हुआ। इस अवसर पर राजस्थान के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने अपने उद्बोधन में कहा कि परिवार ही अपने समाज में सांस्कृतिक जीवन मूल्यों का संवर्द्धन कर अगली पीढ़ी तक ले जाने का सशक्त माध्यम है।

पारिवारिक जीवन निभाते समय छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखने से जीवन में बड़ा परिवर्तन आता है। परिवार से ही स्वच्छ वातावरण, पर्यावरण के प्रति चेतना का भाव लाना व पंच तत्वों की उचित देखभाल करना, जल व ऊर्जा की बचत करने आदि के संस्कार मिलते हैं। अतः परिवार में समाज व देश के हित के विषयों की समय-समय पर चर्चा हो।



### अब आत्म परिवर्तन का समय, स्वयं पर चिंतन जरूरी

प्रदेश प्रचारक निंबाराम ने कहा कि अब समय आ गया है शरीर के साथ आत्मा का भी परिवर्तन हो और भारत की आत्मा है हम खुद। जब स्वयं आधारित जीवन होगा तभी भारत की विश्व में मान्यता होगी। स्वधर्म, स्वभाषा, स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग व तंत्र अर्थात शिक्षा, न्याय व्यवस्था आदि में स्वयं आने से स्वतंत्रता सार्थक होगी। व्यक्ति से लेकर राष्ट्र के सम्पूर्ण जीवन पर्यन्त, सभी आयामों में स्वयं का प्रकटीकरण ही परम वैभव का सोपान है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रत्येक सुसभ्य नागरिक शाखा व परिवार के अलावा सामाजिक जीवन में अनुशासन पालन के लिए कृत संकल्प होकर अपना उदाहरण प्रस्तुत करें।

### प्रशिक्षण वर्ग में ये भी हुए शामिल

इस बीस दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर, अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरूण कुमार जैन, अखिल भारतीय गौ सेवा प्रशिक्षण प्रमुख शंकरलाल का सानिध्य भी प्राप्त हुआ। अखिल भारतीय अधिकारियों के अतिरिक्त क्षेत्र कार्यवाह जसवंत खत्री, सह क्षेत्र कार्यवाह गेंदालाल, क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल, क्षेत्र शारीरिक शिक्षण प्रमुख गंगाविष्णु, क्षेत्र बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ. श्रीकांत, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख श्रीवर्धन, क्षेत्र सेवा प्रमुख शिवलहरी, क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख श्याम मनोहर एवं प्रान्तीय अधिकारियों का बौद्धिक मिला। वर्ग के प्रगट समारोह में बड़ी संख्या मे बंधु भगिनी उपस्थिति रहे उनके अवलोकनार्थ प्रदर्शनी भी लगाई गई।

उन्होंने कहा कि संघ के निरन्तर विस्तार का आधार है स्वयंसेवको का आत्म अनुशासन व उनकी सामाजिक आत्मीयता। गुणवत्ता व दृढ़ता बढ़ाते हुए संघ शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने बताया कि व्यापक समाज में भाव परिवर्तन एक-एक व्यक्ति के भाव परिवर्तन से होता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मनुष्य का विवेक जागृत कर उसे श्रेष्ठ आचरण के लिए प्रेरित करता है। ऐसे स्वभाव को व्यवहार में लाने के कुछ विषयों की चर्चा करते हुए कहा कि समाज में जन्म आधारित भेदभाव समाप्त होना चाहिए।

सम्पूर्ण हिन्दू समाज को एकात्म व एकरस बनाने के लिए स्वयं में एवं अपने परिवार में बदलाव लाना समय की महती आवश्यकता है। समारोह में स्वयंसेवकों ने अतिथियों के स्वागत के रूप में स्वागत प्रणाम तथा घोष वादन किया गया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण के बाद स्वयंसेवकों ने ध्वज की परिक्रमा कर गुरु वंदन किया। वहीं घोष संरचना , दंड, व्यायाम, योगासन, दंड योग, गण समता आदि का भी मनमोहक प्रदर्शन किया। स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक रूप से एक स्वर में गीत सूत्र पात नवयुग वेला का... गायन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वंशवर्धन सिंह महाराव साहब बूंदी रहे।

**एक प्राइवेट अस्पताल का पंजीकरण रद्द**

# कहीं मिली गंदगी तो कहीं बिना डॉक्टर ही चल रहा अस्पताल

**बेधड़क** | सीकर

शहर में संचालित निजी अस्पतालों में आमजन को दी जा रही चिकित्सकीय सेवाओं व सुविधाओं को चिकित्सा विभाग द्वारा परखा जा रहा है। वहीं अनधिकृत रूप से संचालित निजी चिकित्सालयों (बिना एलोपैथिक चिकित्सक के संचालित चिकित्सा संस्थान) पर कार्रवाई की जाएगी। इसी सिलसिले के तहत शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निर्मल सिंह व जिला औषधि नियंत्रण अधिकारी मोहिन्द्र बाजिया ने सीकर शहर के फतेहपुर रोड पर संचालित मन्नत अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सीएमएचओ डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से राज्य में अनाधिकृत रूप से संचालित निजी चिकित्सालयों (बिना एलोपैथिक चिकित्सक के संचालित चिकित्सा संस्थान) का निरीक्षण कर कार्रवाई करने के लिए ऑपरेशन ब्लैक थण्डर चलाया गया है। इसके तहत मन्नत अस्पताल का निरीक्षण किया गया। मन्नत अस्पताल में निरीक्षण के दौरान अस्पताल में चिकित्सक, नर्सिंग कर्मी, वार्ड वॉय कोई नहीं था। अस्पताल में लगे



चिकित्सकीय उपकरण धूल फांक रहे थे। वहीं दवाइयों व बैड पर धूल मिट्टी जमा थी। अस्पताल में अव्यवस्थाओं का आलम देखकर सीएमएचओ डॉ. निर्मल सिंह व चिकित्सा विभाग की टीम दंग रह गई। इस अस्पताल में चिकित्सक की नेम प्लेट, बैनर आदि लगे हुए थे, लेकिन चिकित्सक नहीं मिले। अस्पताल में इमरजेंसी, आईसीयू आदि वार्ड बने हुए थे, लेकिन वार्ड में रखे बैड पर बिछी चदर व गद्दों पर धूल मिट्टी जमा हुई थी। वहीं ऑपरेशन थियेटर, आईसीयू व अन्य वार्ड में लगे उपकरणों पर धूल जमी हुई मिली। इस पर क्लीनिकल इस्टबलेसमेंट एक्ट के तहत किया गया पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है। सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमति शुभ्रा सिंह के निर्देश पर इस ऑपरेशन के तहत लगातार कार्रवाई की जाएगी।

**हिदोली थाने के पास हुए** हादसे में रफ्तार ने छीनी सांसें

# कार की टक्कर से चाचा-भतीजे की मौत

**बेधड़क** | धौलपुर

राजाखेड़ा-धौलपुर मार्ग पर दिहोली थाने के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार चाचा-भतीजे को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाए गए हैं।

दिहोली थाना प्रभारी परमजीत सिंह पटेल ने बताया कि अतरौली गांव निवासी 24 वर्षीय योगेश पुत्र रमेश अपने 12 वर्षीय भतीजे मोहन पुत्र संजय को बाइक पर बिठाकर धौलपुर डॉक्टर को दिखाने जा रहा था। बाइक सवार चाचा-भतीजे राजाखेड़ा-धौलपुर सड़क मार्ग पर जैसे ही दिहोली गांव के पास पहुंचे तो धौलपुर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही कार ने सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना में चाचा-भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से चाचा-भतीजे को जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना से मृतक के परिजनों को अवगत कराया। चाचा-भतीजे की मौत की खबर सुनकर परिजनों के हाल बेहाल हो गए। परिजन और रिश्तेदार जिला अस्पताल पहुंचे। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।



थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। कार चालक घटना के बाद फरार हो चुका है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

**प्रचार-प्रसार के अभाव में कम ही पहुंचे किसान**

# महज एक घंटा चली खाना पूर्ति की चौपाल

**बेधड़क** | चाकसू

केंद्र सरकार के निर्देशानुसार राज्य सरकार की मंशा के अनुसार हर गरीब तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायतों में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण चौपाल के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है।

आधी अधूरी व्यस्था के बीच चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। हालांकि इस दौरान मौजूद ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने की बात कही गई एवं उनकी समस्याओं को जानकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं, लेकिन परिणाम उत्साह जनक नहीं जान पड रहे। गुरुवार रात्रि को भी ग्राम निमोडिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पर उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम महज खानापूर्ति होकर रह गया। शाम 6 बजे बाद शुरू हुई चौपाल शाम 7 बजे तक समाप्त कर दी गई। इसके बाद जिम्मेदार अधिकारी सहित सभी लोग कार्यक्रम स्थल से निकल गए। चाकसू कृषि मंडी के पूर्व अध्यक्ष कैलाश शर्मा, निमोडिया निवासी विनोद शर्मा, प्रेम प्रकाश ने बताया कि रात्रि चौपाल में विभिन्न विभागों से संबंधित कार्यों की सूची बनाकर निस्तारण की तैयारी की जानी चाहिए थी। पात्र लाभार्थियों को पूर्व सूचना होनी चाहिए थी लेकिन किसी भी स्तर पर किसी भी तैयारी नहीं होंने से रात्रि चौपाल का कार्यक्रम आशा के अनुसार सफल नहीं हो पाया। एसडीएम शिवचरण शर्मा ने बताया कि रात्रि चौपाल में विद्युत कटौती, कम वोल्टेज, पेयजल व ग्राम निमोडिया के चारागाह में अतिक्रमण संबंधी समस्याएं प्राप्त हुईं। इसके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।



**कार्रवाई में महाराष्ट्र व जोधपुर पुलिस रही शामिल**

# साइबर ठगी में शामिल 4 महिलाओं सहित 6 को दबोचा

**बेधड़क** | अलवर

अलवर जिले में साइबर ठगों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए जिले में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन एंटीवायरस' के अंतर्गत जिले की मालाखेड़ा एवं लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस की टीम ने महाराष्ट्र एवं जोधपुर पुलिस के सहयोग से साइबर ठगी से प्रभावित दो गांव में दबिश देकर चार महिलाओं सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

वहीं एक साइबर ठग को डिटेन कर जोधपुर पुलिस को सौंप दिया। एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजस्थान एवं आईजी रैंज जयपुर के निर्देशन में ऑनलाइन ठगी करने वालों के विरूद्ध जिले में आपरेशन एंटीवायरस अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत साइबर ठगी से प्रभावित दो गांव में दबिश देकर राज्य कार्य में बाधा का एक प्रकरण दर्ज कर 6 आरोपी गिरफ्तार किए गए, वहीं एक आरोपी को दस्तयाब कर जोधपुर पुलिस को सुपुर्द किया गया है। एसपी शर्मा ने बताया कि एसएचओ मालाखेड़ा हितेश शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मुंबई पुलिस के साथ साइबर ठगों की तलाश में नांगल तोड़ियार गांव में दबिश दी गई थी। इस दौरान पुलिस टीम के साथ राजकार्य में बाधा डालने वाले चार महिलाओं सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया गया।



### यहां एक ठग गिरफ्तार

इसी प्रकार एसएचओ लक्ष्मणगढ़ श्रीराम मय टीम द्वारा ऑपरेशन एंटीवायरस के अंतर्गत साइबर ठगी से प्रभावित गांव बिचगांव में जोधपुर पुलिस के साथ दबिश देकर साइबर ठगी के एक आरोपी सोनू उर्फ लाला मीणा पुत्र उमराव को दस्तयाब किया। जिसे जोधपुर पुलिस को सौंप दिया गया।

### दुष्कर्म के आरोपी के मकान में तोड़फोड़ और लूटपाट के आरोपी को धरा

**दौसा।** जिले से मेहंदीपुर बालाजी थाना इलाके के नांदरी गांव निवासी महिला से दुष्कर्म-हत्या के बाद आरोपी एवं उसके परिवार के मकानों में तोड़फोड़, लूटपाट एवं पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने की घटना में शामिल दो और आरोपियों रवि मीणा एवं श्रीकिशन उर्फ भोंदे मीणा निवासी गांव नांदरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूर्व में पुलिस इस मामले में 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चुकी है। एसपी रंजीता शर्मा ने बताया कि 27 अप्रैल को नांदरी गांव से एक महिला रात को घर से बाहर खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने निकली थी। अगले दिन महिला के पति ने गांव के ही जगराम मीना पर अपनी पत्नी को गायब करने का संदेह जताते हुए गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पति की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। तलाश के दौरान 29 अप्रैल को महिला का शव नांदरी गांव में पहाड़ी की तलहटी में क्षत-विक्षत हालत में पड़ा मिला। एसपी शर्मा ने बताया कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर आरोपी जगराम मीना को उसी समय गिरफ्तार कर लिया था।

**सप्लाई सुधारने की मांग को लेकर धरना**

# पानी के लिए मची हाय तौबा, रोड किया जाम

**बेधड़क** | अलवर

शहर में लोगों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।भीषण गर्मी में पानी के बिना लोग परेशान होकर सड़कों पर उतरने लगे हैं। उधर टैंकर चालकों ने भी कीमतों में इजाफा कर दिया है। पेयजल संकट से परेशाान शहर के वार्ड 13 के लोग शुक्रवार को सड़कों पर उतर आए और दिल्ली दरवाजे के पास जाम लगा दिया।

सूचना के बाद मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंची और लोगों की समझाइश की कोशिश की, लेकिन पहले समाधान फिर बात को लेकर लोग अड़ गए। वार्ड 13 निवासी सुंदर ने बताया कि वार्ड में कई घरों में तो दो से तीन महीने से पानी नहीं मिल रहा। इससे परेशान होकर लोगों ने यह जाम लगाया है। हमारे यहां पर जलदाय विभाग की ओर से वाल चेंज किए गए हैं। जिनमें कुछ लोगों ने फर्जी कनेक्शन किए हैं, जिसके चलते लोगों को समस्या हो रही है। सुंदर ने बताया कि पहले पानी की मोटर यहां खराब बताई गई थी, लेकिन जब से यह मोटर शुरू हुई है तब से यहां मिट्टी वाला पानी आ रहा है। इसके पीने से लोगों को बीमारियां भी हो सकती हैं। लोग इतने त्रस्त है कि पीने के पानी के लिए कैंपर मंगाए जा रहे हैं। सुंदर ने कहा कि जो भी सरकारी टैंकर भिजवाया जाता है वह सीधा पार्षद के घर जाता है। वार्डवासियों को पानी नहीं मिल रहा।

### विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम जारी

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पेट्रोल पंप पर फ्री पीयूसी, पार्कों में भी पौधे

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के लिए जारी जन जागरूकता कार्यक्रमों की कड़ी में शुक्रवार को सार्वजानिक पार्कों में पर्यावरण संरक्षण से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी के साथ जवाहर नगर स्थित कच्ची बस्ती क्षेत्र में कपडें के थैलों का वितरण किया गया एवं प्लास्टिक निर्मित उत्पादों यथा प्लास्टिक कैरी बैग्स एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग न करने के सम्बन्ध में नुक्कड़ नाटक के जरिये जागरूक किया गया।



## हर घर में उपयोग हो कपड़े का थैला

जन-जागरूकता के कार्यक्रम के तहत मंडल द्वारा पेट्रोल पम्पस पर वाहनों को निशुल्क पीयूसी (Pollution Under Control) प्रमाण पत्र के साथ कपड़े के थैले एवं सीड बॉल्स भी वितरित किये गए। मंडल की पहल के तहत वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ आमजन को वाहनों से होने वाले प्रदूषण के सम्बन्ध में भी जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य को प्रदूषण एवं प्लास्टिक मुक्त करने की इस विशेष पहल राज्य के प्रत्येक क्षेत्र एक मुहिम के रूप में चलायी जा रही है। मंडल अधिकारियों द्वारा जन जागरूकता के लिए किये जा रहे सार्थक प्रयासों से अब वो दिन दूर नहीं जब राज्य के प्रत्येक घर में प्लास्टिक केरी बैग्स की जगह कपड़े के बने थैले होंगे और प्लास्टिक मुक्त राज्य को जल्द ही साकार किया जा सकेगा।

## अब घर-घर जाकर अलख जगाने का प्रयास

विश्व पर्यावरण दिवस एक आयोजन या समारोह तक ही सीमित न हो और बड़ी आबादी इस पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को अपनी दैनिक जीवन का भाग बना सके। इसके लिए प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारी सड़कों पर उतरे और सार्वजानिक स्थानों पर कपड़े के थैले वितरण करने के साथ घर-घर जाकर भी कपड़े के थैले वितरित किए, ताकि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी प्लास्टिक केरी बैग्स के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा सके और कपडे के थैले को उपयोग में लेने के लिए संकल्पित किया जा सके। इसी क्रम में छोटे बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य निजी विद्यालयों में पर्यावरण जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही सेल्फी स्टैंड लगाए गए जहां बच्चो ने रोचकता के साथ सेल्फी ली एवं पर्यावरण संरक्षण करने का संकल्प लिया।

## सार्वजनिक पार्कों में की जा रही प्रश्नोत्तरी

राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा अनूठी पहल करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किये जा रहे सार्वजनिक स्थानों पर जन- जागरूकता कार्यक्रमों के तहत मंडल अधिकारियों ने सुबह सार्वजानिक पार्कों में जाकर वहां आमजन से पर्यावरण संरक्षण से सम्बंधित प्रश्न पूछे। वहीं प्रतिभागियों को कपड़े के थैले के साथ पौधे देकर पौधारोपण एवं कपडें के थैलों के उपयोग को दिनचर्या का भाग बनाने के लिए जागरूक किया।

## Yuva स्टोरीज



## पुलिस कमिश्नर ने किया कमिश्नरेट परिसर में पौधारोपण

**जयपुर**। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट परिसर में पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने पौधारोपण किया और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। जोसफ ने बताया कि हमारे जीवन में वृक्षों का महत्वपूर्ण स्थान है। वृक्ष हमें शुद्ध प्राण वायु उपलब्ध कराते है, प्रदूषण को रोकते है, पानी के बहाव एवं कटाव को रोकते हैं तथा पर्यावरण के संतुलन को बनाने में सहायक होते है। वृक्षारोपण से प्रकृति का संतुलन भी बना रहता है। उन्होंने पुलिस कमिश्नरेट के लॉन को सदा हरितिमा से आच्छादित रखने एवं हरियाली के लिए सभी को मिलकर प्रयास किए जाने पर जोर दिया। पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस कमिश्नर के साथ ही अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सिटी कैलाश विश्नोई, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रथम (यातायात एवं प्रशासन) प्रीति चन्द्रा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, द्वितीय कुंवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) श्याम सिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) शिल्पा चौधरी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (साउथ) पारस जैन सहित अधिकारियों ने भी पौधारोपण किया।

## NVS में काउंसलर भर्ती के लिए 15 जून तक आवेदन

**नई दिल्ली**। नवोदय विद्यालय समिति (NVS) ने जवाहर विद्यालयों में काउंसलर के रिक्त पदों पर भर्ती निकाली है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार एनवीएस की ऑफिशियल वेबसाइट navodaya.gov.in पर जाकर अंतिम तिथि तक ऑनलाइन माध्यम में आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। एनवीएस काउंसलर भर्ती 2024 के तहत आवेदन की आखिरी तिथि 15 जून तय की गई है। आवेदन करने वाले एससी, एसटी और दिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवारों से आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा। वहीं, अन्य वर्ग के उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के रूप में 500 रुपये का भुगतान करना होगा। जेएनवी भर्ती 2024 के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास साइकोलॉजी में मास्टर डिग्री (एमए/एमएससी) और गाइडेंस व काउंसलिंग में एक साल का डिप्लोमा होना चाहिए। इसके अलावा, एक साल का कार्य अनुभव भी हो। पात्रता संबंधित अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर अधिसूचना देख सकते हैं। नवोदय विद्यालय समिति भर्ती 2024 के तहत आवेदन फॉर्म भरने वाले उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 28 वर्ष और अधिकतम आयु 50 वर्ष निर्धारित की गई है। आयु की गणना 1 जून 2024 से की जाएगी। बता दें कि, नवोदय विद्यालय समिति ने काउंसलर के रिक्त पदों की संख्या अभी तक जारी नहीं की है। एनवीएस काउंसलर पद पर उम्मीदवारों का चयन पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर होगा। कैंडिडेट को क्वॉलिफाइंग एग्जाम में मिले अंकों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इस भर्ती अभियान के तहत काउंसलर के पद पर चयनित उम्मीदवारों को 44,900 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।

## स्वास्ति ने पहले ही प्रयास में 12वीं के साथ की नीट पास

**चाकसू**। कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। ऐसा ही कर दिखाया है चाकसू की स्वास्ति पारीक ने। उसने एक ही सत्र में बारहवीं कक्षा के साथ पहले ही प्रयास में 95 प्रतिशत अंक से नीट की परीक्षा पास की। स्वास्ति से जब जानकारी ली तो उसने बताया कि वह शुरू से पढ़ाई में होशियार थी। उसने 10वीं कक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, तब से उसका सपना डॉक्टर बनने का था। इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिये उसने 12 वीं कक्षा सीबीएसई बोर्ड से इस साल पास की। जिसमें भी 96 प्रतिशत अंक आए। वहीं स्वास्ति ने 12 की कक्षा के साथ नीट की भी तैयारी की, जिसके लिये उसने रोजाना 10 से 12 घन्टे पढ़ाई की ओर पहले ही प्रयास में नीट में 680 अंक प्राप्त किए। स्वास्ति ने अपनी कामयाबी की पीछे माता- पिता के साथ दादा, चाचू व गुरुजनों को दिया। इनके पिता हेमंत पारीक मेडिकल स्टोर चलाते है। माता ग्रहणी है, घर मे खुशी का माहौल है। बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है।



### राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री लेंगे परेड की सलामी

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर 10-13 जून तक होंगे कार्यक्रम



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश में 10 से 13 जून तक सेरेमोनियल परेड, रक्तदान शिविर, सफाई अभियान, पुलिस बैंड डिस्प्ले, सेमीनार, खेलकूद प्रतियोगिताएं और पौधारोपण के कार्यक्रम आयोजित होंगे। दरअसल प्रतिवर्ष 16 अप्रैल को राजस्थान पुलिस दिवस मनाया जाता है। इस बार गत 16 अप्रैल को राजस्थान पुलिस दिवस के अवसर पर लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के मध्यनजर पुलिस मुख्यालय सहित पुलिस आयुक्तालय, पुलिस रेंज, पुलिस जिलों, पुलिस प्रशिक्षण संस्थान और पुलिस यूनिट्स में औपचारिक कार्यक्रम हुए थे। अब पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अलावा सभी पुलिस रेंज, पुलिस जिला एवं पुलिस यूनिटों में भी विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा बनाई गई है।

## राज्य स्तरीय समारोह आरपीए में होगा

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया कि पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य राज्य स्तरीय समारोह 12 जून को राजस्थान पुलिस अकादमी परिसर में आयोजित होगा, इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा परेड की सलामी लेंगे। परेड में राजस्थान पुलिस अकादमी, चतुर्थ एवं पांचवी बटालियन आरएसी, हाड़ी रानी बटालियन, एसडीआरएफ, जीआरपी, एमबीसी एवं ईआरटी की एक-एक प्लाटून के अलावा जयपुर पुलिस आयुक्तालय की तीन प्लाटून (निर्भया स्कवॉड प्लाटून, पुलिसकर्मी प्लाटून और यातायात प्लाटून) सहित कुल 11 प्लाटून भाग लेंगी। जयपुर आयुक्तालय क्षेत्र के ऐसे आमजन जिन्होंने जीवन रक्षा अथवा किसी घटना/दुर्घटना के मौके पर पुलिस को सहयोग किया हो, उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए परेड समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा परेड समारोह में जयपुर आयुक्तालय के थानों के सीएलजी एवं शांति समिति के सदस्य एवं रिटायर्ड पुलिस कार्मिकों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

## रक्तदान शिविरों से होगी शुरुआत

पुलिस स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की शुरूआत रक्तदान शिविरों के साथ होगी। राज्य स्तर पर आरपीए परिसर तथा जिलों में पुलिस लाइंस में ये रक्तदान शिविर 10 अथवा 11 जून को आयोजित होंगे। इसी क्रम में राज्य में पुलिस के भवनों और परिसरों में स्वच्छता के लिए सफाई अभियान चलाया जाएगा। वहीं जिला पुलिस लाइंस में सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता और डांस कॉम्पीटिशन जैसी गतिविधियां आयोजित होगी। इसके अलावा राज्य के चुनिंदा पुलिस थानों में बच्चों की विजिट भी कराई जाएगी। राज्य, रेंज और जिला स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रमों का आयोजन भी रखा गया है।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान करेंगे पुलिस पदक

राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा परेड के बाद उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारी एवं कार्मिकों को पुलिस पदक प्रदान करेंगे। इससे पहले पुलिस मुख्यालय एवं जयपुर स्थित पुलिस यूनिटों में कार्यरत पुलिस कार्मिकों को उत्तम, अति-उत्तम एवं सर्वोत्तम सेवा चिह्नों आदि पदकों का वितरण सम्बंधित यूनिट और शाखा के स्तर पर किया जाएगा।

### जयपुर में पुलिस बैंड डिस्प्ले 12 जून को

डीजीपी ने बताया कि बुधवार, 12 जून को जयपुर में जवाहर सर्किल स्थित पत्रिका गेट पर शाम 7 बजे से पुलिस बैंड का प्रदर्शन किया जाएगा, इसमें राजस्थान पुलिस कें सैन्ट्रल बैंड, हाड़ी रानी बटालियन और संयुक्त बैंज (ब्रास बैंड) का डिस्प्ले होगा। गुरुवार, 13 जून को जयपुर एवं रेंज हैडक्वार्टर पर पुलिस अधिकारियों के 'फोन इन इंटरव्यू' एफएम और आकाशवाणी चैनल्स पर प्रसारण होगा। इसके बाद 13 जून को प्रातः 10 बजे से 11.30 बजे तक जयपुर में आरपीए में पुलिस कार्यों में विधि विज्ञान से जुड़े विषयों पर सेमीनार आयोजित होगा। इसी दिन शाम को आरपीए में सांस्कृतिक संध्या और बड़ा खाना का आयोजन रखा गया है।

### 15 जून तक किए जा सकेंगे आवेदन

# एम्स दिल्ली में जूनियर रेजिडेंट के 220 पदों पर निकली भर्ती



**बेधड़क** | नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली (AIIMS Delhi) की ओर से जूनियर रेजिडेंट के 220 रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है। योग्य उम्मीदवार एम्स की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अंतिम तिथि 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आधिकारिक नोटिस में कहा गया कि, सभी प्रोविजनल रूप से पात्र उम्मीदवारों को जुलाई 2024 सत्र के लिए जूनियर रेजिडेंट (जेआर) पदों पर आवेदन फॉर्म भरने के लिए इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (ईएफटी) के माध्यम से 25,000 रुपये की सुरक्षा राशि जमा करनी होगी।

एम्स दिल्ली जूनियर रेजिडेंट भर्ती 2024 के तहत आवेदन प्रक्रिया 31 मई से शुरू कर दी गई है। एम्स जेआर भर्ती 2024 के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 45 वर्ष होनी चाहिए। इसके अलावा, उम्मीदवारों के पास एमबीबीएस/ बीडीएस या एमसीआई/ डीसीआई की ओर से मान्यता प्राप्त समकक्ष डिग्री होनी चाहिए। एम्स दिल्ली जेआर भर्ती 2024 के तहत ऑनलाइन माध्यम में आवेदन फॉर्म भरने वाले उम्मीदवारों को 500 रुपये शुल्क का भी भुगतान करना होगा। इस भर्ती अभियान के तहत उम्मीदवारों का चयन परीक्षा के आधार किया जाएगा। इन पदों पर चयनित उम्मीदवारों को 56,100 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। एम्स दिल्ली भर्ती 2024 अभियान के तहत कुल 220 पदों में से एससी वर्ग के लिए 35 पद, एसटी वर्ग के लिए 16 पद, ओबीसी के लिए 57 पद और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए 22 पद आरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा, 90 पदों पर अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी।

## रविवार को आएगा जेईई-एडवांस्ड परीक्षा का परिणाम

**कोटा**। देश की सबसे कठिनतम व प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (JEE ADVANCED 2024) का परिणाम रविवार को सुबह 10 बजे जारी किया जाएगा। परिणाम जारी होने के बाद आईआईटी एनआईटी में प्रवेश के लिए होने वाली जोसा काउंसलिंग 10 जून से प्रारम्भ होगी। यह काउंसलिंग 10 जून से 26 जुलाई के मध्य 5 राउंड में होगी। काउंसलिंग में विद्यार्थियों को 23 आईआईटी, 32 एनआईटी, 26 ट्रिपलआईटी व 40 जीएफटीआई सहित 121 कॉलेजों की 600 से अधिक कॉलेजज ब्रांचेज को प्राथमिकता के घटते क्रम में भरना होगा। इस वर्ष पिछले 12 वर्षों के मुकाबले सर्वाधिक 1 लाख 91 हजार विद्यार्थियों ने जेईई-एडवांस्ड परीक्षा के लिए पंजीकरण करवाया था।

**परिणाम** पर्यवेक्षक महिला अधिकारिता और लिपिक ग्रेड II की हो सकेगी भर्ती

# CET: मुख्य परीक्षा के लिए 15 गुणा अभ्यर्थियों का परिणाम जारी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएसबी) ने समान पात्रता परीक्षा (स्नातक स्तर) 2022 के माध्यम से हो रही पर्यवेक्षक (महिला अधिकारिता) 2024 भर्ती और समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर)-2022 के जरिए हो रही लिपिक ग्रेड-II/ कनिष्ठ सहायक संयुक्त सहायक सीधी भर्ती-2024 के लिए परीक्षा में सम्मिलित 15 गुणा अभ्यर्थियों के रोल नम्बर और कटऑफ सूची जारी कर दी है। इसके बाद आगामी दिनों इन दोनों भर्तियों के लिए मुख्य परीक्षा आयोजित की जाएगी। इनमें पर्यवेक्षक के लिए 176 पदों और लिपिक ग्रेड के लिए 4197 पदों के लिए भर्ती होने जा रही है।




## पर्यवेक्षक महिला अधिकारिता के लिए यह कटऑफ

पर्यवेक्षक महिला अधिकारिता भर्ती के लिए जनरल कैटेगरी की कटऑफ महिला -पुरुष की 191.4693, ईडब्ल्यूएस सामान्य और महिला 191.4693, एससी सामान्य और महिला की 175.6914, एसटी सामान्य और महिला 180.1215 और ओबीसी की सामान्य और महिला 191.4693 और एमबीसी और महिला की 180.1215 अंक रही है।

## यह रही लिपिक गेड II की कटऑफ

लिपिक ग्रेड में परिणाम में जनरल केटेगरी में फीमेल व रियायत वर्ग की कटऑफ 180.8337 और ईडब्ल्यूएस केटेगरी में जनरल व फीमेल की 180.8337 अंक रही। जबकि इसी केटेगरी में अन्य वर्ग की और कम रही। एससी केटेगरी में जनरल 177.8475व फीमेल की 160.8751 तथा अन्य वर्ग की कम रही। वहीं एसटी केटेगरी में जनरल 170.854 व फीमेल की 162.8095 रही। वहीं ओबीसी की जनरल और फीमेल की एक जैसी 180.8337 रही। एमबीसी में जनरल 180.8337 व फीमेल की 170.6719 अंक रही है।

## लिपिक ग्रेड सेकंड में जनरल और ईडब्ल्यूएस की कटऑफ बराबर

बोर्ड ने सीईटी सीनियर सैकंडर स्तर 2022 के माध्यम से होने वाली लिपिक ग्रेड-II/ कनिष्ठ सहायक संयुक्त सहायक सीधी भर्ती-2024 के लिए परीक्षा में सम्मिलित 15 गुणा अभ्यर्थियों के रोल नम्बर की कटऑफ और रॉल नंबर की सूची जारी की है। इसमें जनरल केटेगरी और ईडब्ल्यूएस की कटऑफ एक समान रही है। इनमें विशेष रियायत वाली वर्ग की मेरिट कम रही है। जबकि एससी और एसटी की मेरिट में सामान्य में 7 अंक का अंतर है। इसमें अन्य में विशेष रियायत दी है। जबकि ओबीसी और एमबीसी मेरिट बराबर रही है।

# महासागर रक्षा संकल्प दिवस है विश्व महासागर दिवस




अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार


मानव संस्कृति में समुद्र अर्थात सागर का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। समुद्र का शाब्दिक अर्थ जलराशि का एकत्रित रूप है। इस पृथ्वी को चारों ओर से घेरे हुए जलराशि को ही समुद्र की संज्ञा दी गई है। समुद्र शब्द संस्कृत से प्रभावित विभिन्न भाषाओं में मिलता है। सागर इस पृथ्वीतल के प्रायः तीन चतुर्थांश (3/4) में व्याप्त है। महासागर जल के किसी भी बड़े निकाय को कहा जाता है, जिसमें विश्व महासागर पारंपरिक रूप से विभाजित है। सागर पृथ्वी के सभी महासागरों का समन्वय है, जिसके अन्तर्गत प्रशान्त (वृहत्तम), अटलाण्टिक, भारतीय, दक्षिणी और उत्तरध्रुवीय महासागर (क्षुद्रतम) आते हैं। पृथ्वी के लगभग 70.8 प्रतिशत भाग में विस्तृत महासागर लवणीय जल का पिण्ड है, जिसमें पृथ्वी का 97 प्रतिशत जल समाहित है। भारतीय संस्कृति में सागर को एक देव के रूप में मान्यता प्राप्त है। पौराणिक कथाओं में सागर को विभिन्न रूपों में प्रदर्शित किया गया है। सागर के अन्य नामों में समुद्र, जलधि, जलनिधि, नीरनिधि, उदधि, पयोधि, नदीश, तोयनिधि, कम्पती, वारीश, अर्णव आदि प्रमुख हैं। चंद्रमा के घटने -बढ़ने का समुद्र के जल पर विशेष प्रभाव पड़ता है। इसके कारण ही ज्वार भाटा आता है।

पौराणिक ग्रंथों में समुद्र की उत्पत्ति के सम्बन्ध में अनेक कथाएं अंकित हैं। भारतीय मान्यतानुसार आदि सृष्टि काल में जल से विष्णु की नाभि से निकले एक कमल पुष्प से सृष्टिकर्ता ब्रह्मा की उत्पति हुई। तत्पश्चात मनुष्यों की सृष्टि हुई। आधुनिक विज्ञान के अनुसार भी जीवन की उत्पत्ति सर्वप्रथम समुद्र के जल में हुई थी। पौराणिक मान्यतानुसार अति प्राचीन काल में देव व असुरों द्वारा समुद्र मंथन किए जाने से चौदह रत्नों की प्राप्ति हुई थी। सब प्रकार के रत्नों के समुद्र से ही निकलने के कारण उसे रत्नाकर की संज्ञा दी गई है। वैदिक, पौराणिक ग्रंथों में समुद्र की महता, प्रशंसा, उपयोगिता, आवश्यकता व हर युग में प्रासंगिकता का अतिशय मनोरम शब्दों में महिमागान की गई है। पौराणिक ग्रंथों में समुद्र को सात भागों में बांटा गया है- लवण का सागर, इक्षुरस का सागर, सुरा का सागर, घृत का सागर, दधि का सागर, क्षीर का सागर और मीठे जल का सागर। दधि सागर का अर्थ दही का सागर नहीं, सुरा सागर का अर्थ किसी मदिरा का सागर नहीं, अपितु उस तरह की प्रकृति का सागर माना गया है। पौराणिक ग्रंथों में समुद्र को देवता माना गया है। समुद्र की पत्नी का नाम मही था। मान्यता है कि समुद्र देव और मही नदी का विवाह गुजरात के वेराखाडी गांव में हुआ था। ऋग्वेद में समुद्र शब्द 133 बार आया है। इससे स्पष्ट है कि अत्यंत प्राचीन काल से से ही भारतीयों का समुद्र से नाता, संबंध रहा है।

> *"इस ग्रह के लगभग 361,000,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में समुद्री जल विस्तृत है। महासागर पृथ्वी के जलमंडल का प्रमुख घटक है। इसलिए यह पृथ्वी पर जीवन का अभिन्न अंग है। विशाल ताप भण्डार के रूप में कार्य करते हुए महासागर जलवायु और मौसम के स्वरूप, कार्बन चक्र और जल चक्र को प्रभावित करता है। समुद्री जल में ऑक्सीजन, कार्बन डाईऑक्साइड और नाइट्रोजन सहित बड़ी मात्रा में घुली हुई गैसें होती हैं। यह गैस विनिमय समुद्र की सतह पर होता है और विलेयता जल के तापमान और लवणता पर निर्भर करती है।"*

वेद, रामायण, महाभारत, सूत्र-ग्रंथ, पुराण, बौद्ध जातक आदि प्राचीन ग्रंथों में समुद्र के संबंध मे अंकित विवरणियों में इस बात के प्रमाण मौजूद हैं कि प्राचीन भारतीय व्यापार, धर्म प्रचार, जलयुद्ध आदि के लिए समुद्र यात्रा करते थे। वैदिक और पौराणिक ग्रंथों के अध्ययन से इस बात की पुष्टि होती है कि प्राचीन भारतीय व्यापार, धर्म प्रचार, युद्ध या उपनिवेश स्थापना आदि के लिए, जल-स्थल दोनों ही मार्गों के द्वारा अनेक देशों में गमनागमन करते थे। वे समुद्रयात्रा किया करते थे। उनके पास जहाज़ थे। संसार का भौगोलिक वृत्तान्त भी उन्हें बखूबी पत्ता था। वे सभ्य, साहसी, उदार, व्यापार कुशल, शिल्पकलानिपुण, वीर और अध्यवसायशील थे। उस समय के प्रायः सभी सभ्य और अर्द्धसभ्य देशों से उनका सम्बन्ध था। संसार के प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद के अनेक मंत्रों में प्राचीन भारतीयों के व्यापार आदि के लिए समुद्र की राह चलने का वर्णन करते हुए कहा गया है कि प्राचीन भारतीय व्यापार आदि कार्यों के लिए अन्य देशों को जाते थे। ऋग्वेद 1/25/7 के अनुसार समुद्र में जिस रास्ते जहाज चलते हैं, उसका पूर्ण ज्ञान वरुण को है। ऋग्वेद 1/48/3 के अनुसार लोभ के वशीभूत होकर व्यापारी लोग अपने अपने जहाज विदेशों को ले जाते हैं। ऋग्वेद 1/56/2 के अनुसार व्यापारी बड़े ही कर्मशील हैं, वे अपने लाभ के लिए सब जगह जाते हैं। समुद्र का ऐसा कोई भी हिस्सा नहीं, जहाँ वे न गये हों। ऋग्वेद 7/88/3-4 के अनुसार अत्यंत उन्नत कला कौशल से निर्मित अर्थात बड़ी कारीगरी से बनाई गई एक जहाज़ पर सवार होकर वशिष्ठ और वरुण समुद्र यात्रा करने गये थे। उन्हें उसके हिलकोलों अर्थात हिलने से बडा आनन्द आया था। ऋग्वेद 1/166/3 के अनुसार राजर्षि तुग्र ने सुदूर-द्वीप-निवासी अपने कुछ शत्रुओं पर आक्रमण करने के लिए अपने पुत्र भुज्यु को जलसेना के साथ भेजा था। रास्ते में तूफ़ान आ जाने से जहाज़ टूट गया।

इस कारण भुज्यु अपने साथियों समेत, समुद्र में डूबने लगा। वहाँ उस समय उसे उस विपत्ति से बचाने वाला कोई न था। परन्तु दैव- योग से अश्विनौ कुमार नामक जुड़वां भाइयों ने वहाँ आकर उसकी रक्षा की और वह जहाज डूबने से बच गया। अन्य वेदों में भी नौयान अर्थात जहाज, नौका निर्माण, सामुद्रिक आवागमन में उसके उपयोग तथा अन्य प्रयोग के विस्तृत वर्णन प्राप्य हैं। वाल्मीकि रामायण के अनुसार भी भारतवासी समुद्र की राह अन्यान्य देशों को जाते थे। बड़े- बड़े वानरों को सीता का पता लगाने के लिए भेजते समय वानरेन्द्र सुग्रीव ने उनको उन स्थानों के भी नाम बतलाये,जहां सीता के मिलने की संभावना थी। इन नामों में समुद्र के, द्वीपों के, पहाड़ों और नगरों के और कोषकारों की भूमि का भी उल्लेख है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## विश्व महासागर दिवस

# समुद्री जीवन बचाने की सार्थक पहल




अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार


> *"वैज्ञानिकों का कहना है कि कई सामर्थ्य जहरीले रसायन सुक्ष्म कणों से चिपक जाते हैं जिनका सेवन प्लवक और नितल जीव समूह जन्तू करते हैं, जिनमें से ज्यादतर तलछट या फिल्टर फीडर होते हैं। इस तरह जहरीले तत्व समुद्री पदार्थ क्रम में अधिक गाढ़े हो जाते हैं। कई कण भारी ऑक्सीजन का इस्तेमाल करते हुए रासायनिक क्रिया के जरिए मिश्रित होते हैं और इससे खाड़ियां ऑक्सीजन रहित हो जाती हैं।"*

यह सुखद है कि गत वर्ष 20 वर्षों की लंबी बातचीत के उपरांत एक सैकड़ा से अधिक देश समुद्री जीवन को बचाने की अहम संधि पर मुहर लगाने को तैयार हुए। उन्होंने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हाई सीज ट्रीट्री के तहत 2030 तक दुनिया के 30 फीसदी महासागरों को संरक्षित किए जाने का संकल्प व्यक्त किया। अच्छी बात है कि बीते एक वर्ष में इस संकल्प को लागू करने के लिए सभी देश एक सार्थक प्रयास में जुट गए हैं। गौर करें तो इस संधि में प्रावधान है कि समुद्री जलीय जीवन को संरक्षित करने के लिए निकाय बनेगा और जलीय जीवों को हो रहे नुकसान के आंकलन के लिए नियम बनेंगे। यह संधि इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि अभी तक इस मकसद के लिए फंडिंग और मछली पकड़ने जैसे अधिकारों पर बात बन नहीं पा रही थी। इसलिए कि समुद्र तट से 200 नॉटिकल मील तक के समुद्र पर ही देशों का अधिकार होता है और उसके आगे का हिस्सा खुला समुद्र कहलाता है। अभी तक इसका 1.2 फीसदी हिस्सा ही संरक्षित है, लेकिन इस संधि के तहत अब तय किया गया है कि खुले समुद्र के कौन से इलाके संरक्षित माने जाएंगे। चूंकि अब इस संधि को मूर्त रूप देने की कवायद तेज हो गई है, लिहाजा महासागरों में वास कर रहे समुद्री जल जीव-जंतुओं और खनिजों की रक्षा होनी तय है।



उल्लेखनीय है कि 1950 के दशक के शुरुआत में समुद्र के कानून को लेकर हुए संयुक्त राष्ट्र के कई सम्मेलनों में समुद्री प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की गई। 1972 के स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर हुए संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में भी समुद्री प्रदूषण पर चर्चा हुई। तब समुद्री प्रदूषण रोकने के लिए कचरे व अन्य पदार्थों के समुद्र में फेंके जाने को लेकर संधि पत्र पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौते को लंदन समझौता कहा जाता है। लेकिन सच यहीं है कि समुद्री प्रदूषण रोकने के अभी तक सभी कानून नाकाफी ही साबित हुए हैं। नतीजतन समुद्री जैव विविधता खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। उदाहरण के तौर पर वर्ष 1970 से देखें तो खुले समुद्र में शार्क की तादाद 70 फीसदी तक घट गई है। विचार करें तो समुद्री जीवन में प्रदूषण के तीन रास्ते हैं। एक, महासागरों में कचरे का सीधा छोड़ा जाना, दूसरा वर्षा के कारण नदी-नालों में अपवाह से और तीसरा वातावरण में छोड़े गए प्रदूषकों से। समुद्र में प्रदूषण के लिए सबसे आम रास्ता नदियां हैं। समुद्र में पानी का वाष्पीकरण सर्वाधिक होता है। संतुलन की बहाली महाद्वीपों पर बारिश के नदियों में प्रवेश और फिर समुद्र में वापस मिलने से होती है।

उदाहरण के लिए न्यूयॉर्क में हडसन और न्यूजर्सी में रैरीटेन जो स्टेटन द्वीप के उत्तरी और दक्षिणी सिरों में समुद्र में मिलती है जिससे समुद्र में प्राणी मंदप्लवक यानी कोपपॉड के पारा प्रदूषण का मुख्य स्रोत है। फिल्टर-फीडिंग कोपपॉड में सबसे ज्यादा मात्रा इन नदियों के मुखों में नहीं बल्कि 70 मील दक्षिण में एटलांटिक सिटी के नजदीक है, क्योंकि पानी के तट के बिल्कुल नजदीक बहता है। अमूमन तय प्वाइंट प्रदूषण तब होता है जब प्रदूषण का इकलौता, स्पष्ट और स्थानीय स्रोत मौजूद हो। अंदरूनी भागों में तांबे, सोने इत्यादि का खनन भी समुद्री प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत है। ज्यादतर प्रदूषण महज मिट्टी से होता है जो नदियों के साथ बहते हुए समुद्र में प्रवेश करती है। हालांकि खनन के दौरान खनिजों के निस्सरण से कई समस्याएं उभरकर सामने आती हैं। गौर करें तो खनन का बहुत घटिया ट्रैक रिकॉर्ड है। उदाहरण के लिए अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी की मानें तो खनन ने पश्चिमी महाद्वीपीय अमेरिका में 40 फीसद से ज्यादा जलोत्सारण क्षेत्रों के नदी उद्गमों के हिस्से को प्रदूषित किया है और इस प्रदूषण का सर्वाधिक हिस्सा समुद्र में मिलता है। वातावरण में छोड़े गए प्रदूषकों से भी समुद्र प्रदूषित हो रहा है। मसलन कृषि से सतह का अपवाह, साथ शहरी अपवाह और सड़कों, इमारतों, बंदरगाहों और खाड़ियों के निर्माण से हुआ अपवाह कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस और खनिजों से लदे कणों और मिट्टी को अपने साथ ले जाता है।

सड़कों और राजमार्गों से दूषित अपवाह तटीय इलाकों में जल प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत है। इसमें प्रवेश करने वाले 75 फीसद जहरीले रसायन, सड़कों, छतों, खेतों और अन्य विकसित भूमि से तूफानों के दौरान पहुंचते हैं। वैज्ञानिकों की मानें तो जीवाश्म ईंधन का उपयोग, औद्योगिक कार्बन उत्सर्जन और जंगल की आग इत्यादि से समुद्री जीवन जहरीला बन रहा है। इन वैज्ञानिकों का कहना है कि इनसे उत्सर्जित पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स (पीएएचएस) नामक घातक रसायन की मात्रा समुद्र में लगातार बढ़ रही है और समुद्री जीवों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि इसके पीछे 90,000 टन पीएएचएस का उत्सर्जित होना है। उल्लेखनीय है कि पीएएचएस सौ से अधिक घातक रसायनों का समूह होता है, जो कि जीवाश्म ईंधन और लकड़ी के जलने से वातावरण में उत्सर्जित होता है। इन्हें जानलेवा प्रदूषक तत्वों की श्रेणी में रखा गया है। स्पेन के वैज्ञानिकों ने बायो हेस्पिराइट्स नाम समुद्री शोध जहाज से ब्राजील, अफ्रीका, ऑस्टेलिया और हवाई द्वीप समेत कई देशों की समुद्री यात्रा कर इन्हें आंकड़ों में सहेजा है। जांच में टीम को 64 पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स मिले हैं जो अटलांटिक, प्रशांत और हिंद महासागर में पाए गए। इनमें से कुछ अत्यंत विषैले हैं जो समुद्र को जहरीला बनाने का काम कर रहे हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि पीएएचएस की प्रति महीने उत्सर्जन की मात्रा इतिहास के सबसे बड़े तेल रिसाव की घटना से चार गुना अधिक खतरनाक है। तेल रिसाव के घातक परिणाम समुद्री जीवों के लिए बेहद नुकसानदायक है। वैज्ञानिकों की मानें तो कच्चे तेल में मौजूद पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स को साफ करना एक कठिन कार्य होता है। अगर यह साफ नहीं हुआ तो कई वर्षों तक तलछट और समुद्री वातावरण को जहरीला बनाए रखता हैं। यह तथ्य है कि मालवाहक जहाजों द्वारा जानबूझकर अवैध कचरे यानी कूड़ा-कबाड़ समुद्र में छोड़ा जा रहा है। जबकि विदेशी और घरेलू नियमों के तहत ऐसे कार्य प्रतिबंधित हैं। एक अनुमान के मुताबिक कंटेनर ढोने वाल मालवाहक जहाज तूफानों के दौरान हर वर्ष समुद्र में दस हजार ज्यादा कंटेनर खो देते हैं और उनमें लदा तेल समुद्री जीवों के जीवन पर भारी पड़ता है। तेल रिसाव के अलावा जहाज ध्वनि प्रदूषण भी फैलाते हैं जिससे जीव-जंतु परेशान होते हैं। इसके अलावा स्थिरक टैंकों से निकलने वाला पानी भी हानिकारण शैवाल एवं अन्य तेजी से पनपने वाली आक्रामक प्रजातियों को फैलाने में मददगार साबित होता है। एक अन्य शोध में दावा किया गया है कि प्रशांत महासागर के एक बड़े क्षेत्र के समुद्री जल में ऑक्सीजन की मात्रा लगातार घट रही है, जो बेहद चिंताजनक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# प्रजातंत्र की ब्यूटी




कवि
सुरेश रायकवार


जहां प्रजा के द्वारा, प्रजा के लिए और प्रजा की ही शासन व्यवस्था हो उसे प्रजातंत्र कहा जाता है। चूंकि इस व्यवस्था में प्रजा ही शासक भी है और प्रजा ही शासित भी, इसलिए उसे शासन के लिए अपने बीच से ही शासन के लिए प्रतिनिधियों का चुनाव भी करना पड़ता है। प्रजातंत्र में चुनाव एक पर्व होता है। आपने हमारे नेताओं से अथवा टीवी समाचार वाचकों से कई बार सुना होगा 'यही तो प्रजातंत्र की खूबसूरती है'। इस वर्ग द्वारा जिन घटनाओं को प्रजातांत्रीय खूबसूरती बताया जाता है उनमें से कुछ इस प्रकार हैं-

जैसे प्रजातंत्र के शासन प्रतिनिधियों (नेताओं) के लिए शिक्षित होना अनिवार्य नहीं होता, अलबत्ता उनके सचिव और प्रशासनिक अधिकारियों का उच्च-शिक्षित या पढ़ा लिखा होना अपरिहार्य है। वैसे तो प्रजातंत्र में प्रजा ही अपना शासक चुनती है, किन्तु फिर भी जुगाड़ से राजकीय व्यवस्था की तरह किसी एक ही परिवार की सत्ता सालों-साल जारी रह सकती है। हमारे देश के प्रजातंत्र की एक खूबसूरती यह भी है कि यहां संसद में कानून बनाया जाता है किन्तु वह कानून लागू होगा अथवा नहीं होगा इसका निर्धारण सामान्यतः विपक्षी नेताओं की अगुआई में जनता द्वारा धरना, प्रदर्शन, आंदोलन के माध्यम से सड़कों पर होता है। संसद सत्र में नए कानून पर बहस करने के बजाय विरोध के नाम पर ये सांसद, संसद से बाहर आ जाते हैं। जनता का तथाकथित प्रतिनिधि नेता कितना ही रिश्वतखोर, भ्रष्टाचारी या आपराधिक आचरण वाला ही क्यों ना हो, चाहे सजा के तहत जेल में ही बंद क्यों ना हो, वह चुनाव लड़ सकता है, जीत सकता है और जीतने के बाद वह जेल से मुक्त भी हो सकता है। यह भी हमारे प्रजातंत्र की एक ब्यूटी है। प्रजातंत्र की इस खूबसूरती पर तो हर कोई मोहित है कि जिन्हें चुनाव में सत्ता के लिए भले ही बहुमत/मेंडेट नहीं मिला हो वे भी जोड़-तोड़ करके सरकार बना सकते हैं।

हमारे देश के प्रजातंत्र की इन्हीं खूबसूरतियों में से एक का दर्शन आज दयाराम जी ने भी किया। वे बड़े आश्चर्य चकित हुए जब कल शाम को उनके पड़ोसी नेताजी हमतुम पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते, आज सुबह वे पाला बदल कर इंडिया पार्टी में गए और अब शाम को वे भारत पार्टी में शामिल होकर कल मंत्री पद की शपथ ले रहे है। दयारामजी से रहा नहीं गया तो वे पड़ोसी के पास पहुँच गए और बोले - क्या नेताजी आपने तो दल बदलने की भी हद कर दी! दल बदल किया तो किया किन्तु जिस पार्टी के विरुद्ध आपने चुनाव लड़ा और जीते, अब उसी पार्टी को ज्वाइन भी कर लिया!

नेताजी बोले अब देखिये ना दयारामजी! वो हमतुम पार्टी को तो बहुत ही कम सीट मिली है, इसका मतलब वहां हमारा कोई भविष्य नहीं था। इसलिए हम सुबह इंडिया पार्टी में शामिल हो गए। किन्तु जब देखा कि उनका गठबंधन भी फेल हो गया है और भारत पार्टी की सरकार को बहुमत के लिए हमारे समर्थन की आवश्यकता थी तो हमने जनता की सेवा करने के उदेश्य से इसे ही उचित समझा। दयारामजी बोले- किन्तु यह तो जनता के साथ सरासर धोखा है!

नेताजी ने जवाब दिया- दयारामजी यह धोखा नहीं है बल्कि इसे प्रजातंत्र की खूबसूरती कहते हैं। जैसे प्राइवेट नौकरी में आजकल युवागण कंपनियां स्विच करते हैं वैसे ही नेतागण भी पार्टियां स्विच करते रहते हैं। हमारा देश एक प्राचीन लोकतान्त्रिक देश है, यहां का लोकतंत्र बड़ा ही परिपक्व और मजबूत लोकतंत्र है। इसे आप कैसा भी उपयोग करो, ये ना कभी टूटता है ना ही इसका कुछ बिगड़ता है।

परिपक्व इतना हो गया है कि पहले तो मतदाता नेताओं के आश्वासन पर ही विश्वास करके वोट दे देता था किन्तु आजकल तो लिखित हस्ताक्षरित गारंटी के बिना वोट भी नहीं मिलता है। इसका मतलब आगे आप रिश्वत भी लेंगे- दयारामजी ने प्रश्न किया। रिश्वत लेना तो नेता का जन्मसिद्ध अधिकार है। अब हमें वेतन तो मिलता नहीं कि खर्चे चला लें, इसलिए रिश्वत से ही काम चलाना पड़ता है। महंगाई इतनी बड़ गई है कि आमसभा में भीड़ जुटाने के रेट भी आसमान छू रहे है-नेताजी ने खीसे निपोरते हुए कहा और दयारामजी के सामने मिठाई बढ़ा दी। दयारामजी ने शर्माशर्मी पड़ोसी की मिठाई खाई और घर आकर खूबसूरत प्रजातंत्र के सपने देखते हुए सो गए।


## नॉलेज कॉर्नर: टेलीकॉम डिपार्टमेंट की व्यवस्था, नहीं देना होता कोई चार्ज

# आपके नाम कितनी सिम...ऐसे करें चेक!

आजकल मोबाइल रखना लाइफ स्टाईल की पहली पहचान है। लेकिन कई दफा यही मोबाइल मुसीबत का सबब भी बन जाता है। दरअसल कई बार देखा जाता है कि किसी की आईडी पर कोई और व्यक्ति सिम चला रहा है और आईडी वाले व्यक्ति को इस बारे में पता भी नहीं होता। ऐसे में कई बार दूसरे व्यक्ति के उस सिम के गलत उपयोग करने पर निर्दोष व्यक्ति को परेशानी उठानी पड़ती है। यहां तक कोर्ट-कचहरी के चक्कर भी लगाने पड़ सकते हैं। ऐसे में आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं आपके नाम पर कितनी सिम एक्टिवेट है।

### यूं पता कर सकते हैं सिम के बारे में जानकारी

- सबसे पहले tafcop.dgtelecom.gov.in पोर्टल पर जाएं।
- यहां बॉक्स में अपना मोबाइल नंबर डालें और OTP की मदद से लॉगइन करें।
- अब उन सभी नंबर्स की डिटेल आ जाएगी जो आपकी ID से चल रहे हैं।
- लिस्ट में कोई ऐसा नंबर है जिसे आप नहीं जानते, तब उसकी रिपोर्ट कर सकते हैं।
- इसके लिए नंबर और 'Not My Number को सिलेक्ट करें।



- अब नीचे की तरफ Report के बॉक्स पर क्लिक कर दें।
- शिकायत करने के बाद आपको एक टिकट ID रिफरेंस नंबर भी दिया जाता है।
- इसके बाद वो नंबर बंद कर दिया जाएगा या आपके आधार कार्ड से हटा लिया जाएगा।
- एक ID पर ले सकते हैं 9 सिम
- नियम के मुताबिक, एक ID पर 9 सिम एक्टिवेट किए जा सकते हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर, असम सहित उत्तर-पूर्व राज्य की ID पर 6 सिम ही एक्टिवेट होंगे।

### जानकारी होना बहुत जरूरी

यदि आपकी ID पर कोई ऐसा सिम एक्टिवेट है जिसका इस्तेमाल आप नहीं कर रहे, तब उसका खामियाजा आपको भुगतना पड़ सकता है। जैसे आपकी ID से रजिस्टर्ड सिम से गलत या गैर कानूनी गतिविधियां चल रही हैं तो आप मुसीबत में पड़ जाएंगे। इसलिए आपके लिए ये जानना बेहद जरूरी हो जाता है कि आपकी ID पर कितने सिम रजिस्टर्ड हैं।

**सिर्फ दो मिनट में जानकारी**

*आपकी आईडी पर कितनी सिम एक्टिवेट हैं इस बात की जानकारी आपको होना जरूरी है। आप 2 मिनट में घर बैठे ही पता कर सकते हैं कि आपके नाम पर कितनी और कौन-कौन से नंबर वाली सिमें एक्टिव हैं। इसके लिए आपको कोई चार्ज भी नहीं देना होगा।*

कंटेंट: बजरंगलाल बुनकर



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
मेरा एक ही मिशन है- 140 करोड़ देशवासियों के सपनों को पूरा करने के लिए खप जाना।

## चुनाव परिणामों की समीक्षा में जुटी कांग्रेस: दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए तैयार करेगी रणनीति, बैठक 9 व 10 को

# यूपी में गठबंधन से फायदे और दिल्ली में नुकसान का होगा आकलन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव परिणामों से उत्साहित कांग्रेस अब अपने गठबंधनों से हुए नफा-नुकसान की समीक्षा कर रही है। पार्टी के शीर्ष नेताओं की नौ व दस जून को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक प्रस्तावित है। इस बैठक में दिल्ली में हुए गठबंधन की पूरी समीक्षा की जाएगी। इसके अनुसार दिल्ली विधानसभा चुनावों में उतरने की रणनीति तैयार की जाएगी। ज्ञात रहे कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में कांग्रेस के साथ अपने गठबंधन को यह कहते हुए समाप्त कर दिया है कि यह सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए ही था। कांग्रेस के कई नेताओं का मानना है कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ हुए गठबंधन से दोनों पार्टियों को फायदा मिला है। लेकिन दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ हुए गठबंधन का उसे कोई फायदा नहीं मिला है। उसे दिल्ली की उन चारों सीटों पर हार का सामना करना पड़ा, जिन पर उसने चुनाव लड़ा था। वहीं पार्टी में एक राय



यह भी बन रही है कि उत्तर प्रदेश में यदि बसपा भी कांग्रेस व सपा के गठबंधन के साथ होती तो उनकी चुनाव सफलता और भी प्रभावी होती। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि वे लोकसभा चुनाव परिणामों की समीक्षा कर रहे हैं। अगले दो दिनों के बीच केंद्रीय नेतृत्व के साथ इस मुद्दे पर एक बैठक है और उसमें चुनाव परिणामों और आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। बैठक में गठबंधन के असर की भी समीक्षा की जाएगी। पार्टी के जो नेता गठबंधन से असहमति जताते रहे थे, उनसे भी उनकी राय पूछी जाएगी। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि दिल्ली में भी पार्टी को आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल से समझौता नहीं करना चाहिए था। यदि समझौता न होता, तो पंजाब की तरह दिल्ली में कांग्रेस को ज्यादा लाभ मिल सकता था। सफलता न मिलने की स्थिति में भी पूरी राजधानी में उसका कैडर तैयार होता, जो भविष्य की राजनीति के लिए उसे मजबूत बनाता।

### गठबंधन को लेकर दिखी थी बड़ी असहमति

पार्टी को भरोसा है कि यदि वह अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी, तब देश की तरह दिल्ली में भी उसका परंपरागत वोट बैंक उसके पास आएगा। वर्ष 2012-13 में अरविंद केजरीवाल के उभार के बाद कांग्रेस का वोट बैंक खिसक कर आम आदमी पार्टी के पास चला गया था, जिसका कांग्रेस को भारी नुकसान हुआ और वह दिल्ली में तीसरे नंबर की पार्टी बनकर रह गई। यही कारण है कि जब पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन का ऐलान किया, पार्टी के कुछ नेताओं ने इससे असहमति जताई और कुछ ने पार्टी को अलविदा तक कह दिया।

### परंपरागत वोट बैंक पार्टी के साथ

कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव परिणामों की समीक्षा में यह तथ्य सामने आया है कि उत्तर प्रदेश सहित देश के ज्यादातर इलाकों में कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक ओबीसी, दलित और मुसलमान उसके पास वापस आया है। इस वोट बैंक के बूते ही पार्टी ने पिछले लोकसभा चुनावों में 52 सीटों की तुलना में इस बार 99 सीटों तक का सफर तय किया है। पार्टी का अनुमान है कि अपने एजेंडे पर पूरी तरह टिके रहने के बाद उसका परंपरागत वोट बैंक और ज्यादा मजबूती के साथ उसके पास वापस आएगा और राष्ट्रीय राजनीति के संदर्भ में उसकी स्थिति मजबूत हो सकेगी।

### मैं नहीं छोड़ रहा पार्टी: अधीर



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने इन अटकलों को खारिज कर दिया है कि वह पार्टी छोड़ रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वह नई दिल्ली में हो रही पार्टी मीटिंग में शामिल होंगे। ज्ञात रहे कि कांग्रेस ने चौधरी को पश्चिम बंगाल की बरहामपुर सीट से चुनाव मैदान में उतारा था। लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वहां से टीएमसी प्रत्याशी पूर्व क्रिकेटर युसुफ पठान विजयी रहे थे। चुनाव हारने के बाद से ही चौधरी के पार्टी छोड़ने की अटकलें चल रही थीं। चौधरी ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मुझे बुलाया है। मैं शनिवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में शामिल होने दिल्ली जा रहा हूं। चौधरी ने कहा, दिल्ली में बैठे लोग मेरे बारे में अफवाह उड़ा रहे हैं, कि मैंने पार्टी छोड़ दी है।

### स्पीकर का पद मांगे टीडीपी- जदयू : आदित्य ठाकरे

**मुंबई।** पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र में एनडीए की अगली सरकार बनाने के लिए तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को लोकसभा अध्यक्ष पद पाने पर जोर देना चाहिए। सोशल मीडिया मंच एक्स पर ठाकरे ने दावा किया कि जिस समय भाजपा सरकार बनाएगी, वह अपने सहयोगियों के दलों को तोड़ने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, एनडीए के नए सहयोगियों से विनम्र अनुरोध है कि वह लोकसभा अध्यक्ष का पद मांगे। ठाकरे ने सोशल मीडिया एक्स पर टीडीपी और जेडीयू के खाते को टैग करते हुए कहा कि भाजपा के कारनामों का अनुभव करने के बाद, जैसे ही वे आपके साथ सरकार बनाएंगे, वे वादे तोड़ देंगे और आपकी पार्टियों को भी तोड़ने की कोशिश करेंगे।

## नीतीश कुमार और नायडू ने की पीएम मोदी की तारीफ, जताया भरोसा

# हम पूरे तौर पर आपके साथ: नीतीश मोदी के पास विजन व जोश: नायडू

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल की बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख नीतीश कुमार और तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। नीतीश कुमार ने राजग के संसदीय दल के नेता पद के लिए नरेंद्र मोदी के नाम के प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए कहा, खुशी की बात है कि 10 साल से ये प्रधानमंत्री हैं और फिर प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं। हम लोग पूरे तौर पर सब दिन इनके साथ रहेंगे। वहीं, चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई। देश के विकास की रफ्तार आगे भी जारी रहेगी। हम सबका साथ, सबका विकास और विकसित भारत के लिए उन्हें अपना समर्थन देते हैं।



### बैठक में पहले क्या हुआ

इससे पहले एनडीए संसदीय दल की बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने लोकसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और भाजपा के नेता के रूप में नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा। इसके बाद वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह, नितिन गडकरी और राजग के साथी तेदेपा के चंद्रबाबू नायडू, जदयू के नीतीश कुमार, शिवसेना के एकनाथ शिंदे समेत अन्य नेताओं ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

### अगर आप अभी चूक गए तो हम हमेशा के लिए चूक जाएंगे : नायडू

बैठक में नायडू ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी के पास विजन और जोश है, उनका क्रियान्वयन बहुत सही है। वह अपनी सभी नीतियों को सच्ची भावना के साथ क्रियान्वित कर रहे हैं। आज, भारत के पास सही नेता है- वह नरेंद्र मोदी हैं। यह भारत के लिए बहुत अच्छा मौका है, अगर आप अभी चूक गए तो हम हमेशा के लिए चूक जाएंगे। उन्होंने कहा, हम सभी को बधाई देते हैं, हमने शानदार बहुमत हासिल किया है। मैंने चुनाव प्रचार के दौरान देखा है कि 3 महीने तक पीएम मोदी ने कभी आराम नहीं किया। उन्होंने दिन-रात प्रचार किया। उन्होंने उसी भावना के साथ शुरुआत की और उसी भावना के साथ खत्म किया। आंध्र प्रदेश में हमने 3 जनसभाएं और 1 बड़ी रैली की और इसने आंध्र प्रदेश में चुनाव जीतने में बहुत बड़ा अंतर पैदा किया

### बिहार के सभी लंबित कार्य होंगे पूरे: नीतीश

नीतीश कुमार ने राजग संसदीय दल बैठक में कहा कि बिहार के सभी लंबित काम पूरे किए जाएंगे। यह बहुत अच्छी बात है कि हम सभी एक साथ आए हैं और हम सभी आपके साथ मिलकर काम करेंगे। आप रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे, लेकिन मैं चाहता था कि आप आज ही शपथ लें। जब भी आप शपथ लेंगे, हम आपके साथ होंगे। हम सभी आपके नेतृत्व में मिलकर काम करेंगे। आप पूरे देश को लेकर आगे बढ़ेंगे, यही हम लोगों को कहना है। नीतीश कहा कि अगली बार जब आप आएंगे तो कुछ लोग जो इधर उधर जीत गया है, अगली बार सब हारेगा। हमको पूरा भरोसा है।

## कर्नाटक: राहुल गांधी की पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों को सीख

# अपने क्षेत्र के लोगों के साथ नियमित संपर्क में रहें

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कर्नाटक के बंगलुरु में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी के राज्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने नवनिर्वाचित सांसदों और लोकसभा चुनाव में हारे नेताओं को कर्नाटक के प्रति अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठाने की सलाह दी है। बैठक में राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी उपस्थित रहे।

शिवकुमार ने बाद में संवाददाताओं को बताया कि राहुल गांधी ने सांसदों को बेंगलुरु और दिल्ली से ज्यादा अपने क्षेत्र के



लोगों के साथ संपर्क में रहने की भी सलाह दी है। इसके साथ ही उन्होंने सांसदों से लोगों के कार्यों के लिए राज्य सरकार की मदद लेने को भी कहा। राहुल ने पार्टी के निर्वाचित सांसदों को शुभकामनाएं दीं। शिवकुमार ने कहा कि राहुल गांधी ने हारे हुए उम्मीदवारों का हौसला बढ़ाया। राहुल ने सांसदों से कहा कि भले ही वे चुनाव हार गए हों लेकिन उन्हें जनता के बीच रहकर उन लोगों का दिल जीतना है, जिन्होंने उनके लिए वोट नहीं किया।

### कार्यसमिति की बैठक में होंगे शामिल

शिवकुमार ने कहा कि उन्हें और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को शनिवार को होने वाली कांग्रेस कमेटी की कार्यसमिति की बैठक में आमंत्रित किया है। बैठक से लौटने के बाद हम अगले सप्ताह अपने नेताओं के साथ चर्चा करेंगे।

### मानहानि केस में राहुल को मिली जमानत

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि मामले में कर्नाटक की विशेष अदालत की तरफ से जमानत मिल गई है। भाजपा एमएलसी केशव प्रसाद ने उनके खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया था। इसी सिलसिले में राहुल को शुक्रवार को अदालत में पेश हुए। राहुल पर आरोप है कि उन्होंने कहा था कि पिछली भाजपा सरकार परियोजनाओं में 40 प्रतिशत कमीशन लेती थी। इसको लेकर विज्ञापन प्रकाशित कर दुष्प्रचार किया था। सीएम सिद्दारमैया और शिवकुमार को अदालत से 1 जून को जमानत मिल गई थी।

### राहुल गांधी बनें विपक्ष के नेता : शिवकुमार

मीडिया से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा, हम लोकसभा में राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, बैठक के दौरान राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि हम केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। इससे पहले कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भी राहुल को विपक्ष का नेता बनाने की मांग की थी।

## महाराष्ट्र में चुनावी हार के बाद

# इस्तीफे पर जोर दे रहे फडणवीस को अमित शाह ने मनाया

**एजेंसी** | नई दिल्ली

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों में भाजपा को मिली करारी हार के बाद इस्तीफे की पेशकश करने वाले महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भाजपा के वरिष्ठ नेता व निवर्तमान गृह मंत्री अमित शाह ने फिलहाल पद पर बने रहने को कहा है। दरअसल संसदीय चुनाव में महाराष्ट्र में भाजपा के लोकसभा सदस्यों की संख्या 23 से घटकर नौ रह जाने के बाद फडणवीस ने बुधवार को पद से इस्तीफा देने की पेशकश की थी। उन्होंने कहा था कि वह डिप्टी सीएम का पद छोड़ना चाहते हैं ताकि विधानसभा चुनाव से पहले पूरी तरह पार्टी के कामकाज पर ध्यान केंद्रित कर सकें। सूत्रों के अनुसार फडणवीस ने गुरुवार को अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की और इस्तीफा देने के अपने फैसले की पुष्टि की। इस दौरान शाह ने फडणवीस से कहा कि नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह तक अपने पद पर बने रहें और उसके बाद आगे की चर्चा की जाएगी।



### फडणवीस की शाह से मुलाकात

फडणवीस ने इसके बाद शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार शाह ने फडणवीस से महाराष्ट्र सरकार के लिए काम करना जारी रखने और राज्य में भाजपा को पुनर्जीवित करने की योजना तैयार करने को कहा। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव इस साल अक्टूबर के आसपास होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार शाह ने फडणवीस से कहा, अगर आप इस्तीफा देते हैं, तो इससे भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल प्रभावित होगा। इसलिए अभी इस्तीफा न दें।

फडणवीस ने मतगणना के एक दिन बाद बुधवार को इस्तीफे की पेशकश की थी और उसके बाद से ही कई भाजपा नेता उनसे बातचीत कर चुके हैं।

## यूपी : जाजमऊ आगजनी केस

# सपा MLA इरफान सोलंकी को सात साल की सजा

**एजेंसी** | कानपुर

एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने कानपुर के जाजमऊ आगजनी मामले में दोषी करार दिए गए सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी व साथी शौकत अली, मो. शरीफ और इसराइल आटे वाला सात साल की सजा सुनाई है। इससे पहले एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने इन सभी आरोपियों को दोषी करार दिया था। जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में स्थित एक प्लॉट में रहने वाली नजीर फातिमा के घर में सात नवंबर 2022 को आग लग गई थी। नजीर ने सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी व उनके साथियों पर आग लगाने का आरोप लगाया था। मामले में इरफान, रिजवान, मो.



शरीफ, शौकत अली व इजराइल आटे वाला को 3 जून को कोर्ट ने आगजनी, नुकसान पहुंचाने, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषी करार दिया था। वहीं, सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए सात जून की तारीख तय की थी। सजा पर सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से डीजीसी दिलीप अवस्थी, एडीजीसी भास्कर मिश्रा व पीड़ित नजीर की अधिवक्ता प्राची श्रीवास्तव ने तर्क रखा कि दोषी इरफान सोलंकी लोक सेवक हैं, उनकी जिम्मेदारी औरों से ज्यादा थी।

## विपक्षी नेताओं ने साधा निशाना: पूछा-संसद भवन परिसर से महापुरुषों की प्रतिमाओं को मूल स्थान से क्यों हटाया!

# ऐसे कदम अस्थिर सरकार को गिरने से नहीं बचा सकते : जयराम

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि संसद परिसर में महात्मा गांधी, डॉ.भीमराव अंबेडकर और छत्रपति शिवाजी सहित अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं को उनके मूल स्थान से स्थानांतरित किए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इन प्रतिमाओं को दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विपक्षी दल लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन न कर सकें। ऐसी हरकतें अब उन्हें और उनकी अस्थिर



सरकार को गिरने से नहीं बचा सकतीं। इस बीच, कई अन्य विपक्षी दलों ने भी प्रतिमा स्थानांतरित किए जाने की आलोचना की है।

रमेश ने प्रतिमाओं को स्थानांतरित करने के लिए लोकसभा सचिवालय के स्पष्टीकरण को 'पूरी तरह फर्जी' करार दिया और कहा कि इस मामले पर किसी भी राजनीतिक दल के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है। रमेश ने कहा, बदलाव का असली कारण अब बताया जा सकता है। दरअसल ये मूर्तियां उसी स्थान पर थी, जहां पिछले 10 वर्षों से विपक्षी दल मोदी सरकार के खिलाफ शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक ढंग से विरोध प्रदर्शन करते थे। टीडीपी और जेडीयू भी इन प्रदर्शनों में शामिल होते थे। प्रधानमंत्री स्पष्ट रूप से संसद की बैठक के बगल में कोई ऐसी जगह नहीं चाहते हैं जहां उनके और उनकी सरकार के खिलाफ संवैधानिक तरीके से भी विरोध प्रदर्शन हो सके। ऐसे स्टंट अब उन्हें और उनकी अस्थिर सरकार को गिरने से नहीं बचा सकते।

### मनमाना और एकतरफा कदम: राजा

सीपीआई के नेता डी राजा ने भी इस कदम की निंदा की और इसे मनमाना और एकतरफा बताया। उन्होंने एक्स पर कहा, संसद भवन में सभी प्रतिमाएं उन व्यक्तियों के सम्मान में बनाई गई हैं, जिन्होंने हमारे राष्ट्रीय जीवन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### सुप्रिया सुले का भी हमला

राकांपा (एससीपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा कि यह कदम बहुत क्रोधित करने वाला है। उन्होंने कहा, ये सभी प्रतिमाएं भारतीय नागरिकों द्वारा संसद भवन क्षेत्र में राष्ट्रीय नायकों के प्रति प्रेम के चलते बनाई गई थीं। इन मूर्तियों को हटाकर सरकार ने सभी देशवासियों का अपमान किया है। खास बात यह है कि आज शिवाजी के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ है।

### संसद भवन के सामने से हटाई गईं मूर्तियां

संसद परिसर में स्थापित महात्मा गांधी, बाबासाहेब अंबेडकर और छत्रपति शिवाजी की प्रतिमाओं को उनके मूल स्थानों से हटाकर दूसरी जगह स्थापित किया गया है। आदिवासी नेता बिरसा मुंडा और महाराणा प्रताप की प्रतिमाएं भी पुराने संसद भवन और संसद पुस्तकालय के बीच लॉन में लगाई गई हैं। अब सभी प्रतिमाएं एक ही जगह पर हैं।

### लोस सचिवालय की सफाई : प्रतिमाएं नई जगह स्थापित

लोकसभा सचिवालय ने सफाई देते हुए कहा कि प्रतिमाओं को संसद भवन परिसर के पीछे की ओर एक नए स्थान पर ले जाया जाएगा, जिसे प्रेरणा स्थल कहा जाएगा। सचिवालय ने कहा है कि संसद परिसर में देश के महान नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं परिसर के विभिन्न हिस्सों में स्थापित की गई थीं। संसद परिसर में अलग-अलग स्थानों पर स्थित होने के कारण आगंतुक इन प्रतिमाओं को आसानी से नहीं देख पाते थे। इसलिए सभी प्रतिमाओं को संसद परिसर में ही एक भव्य प्रेरणा स्थल में सम्मानपूर्वक स्थापित किया जा रहा है।

## जरूरी खबर

### बिभव की दूसरी जमानत याचिका भी खारिज

**नई दिल्ली।** अदालत ने सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास में आप सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में आरोपी बिभव कुमार की जमानत याचिका फिर खारिज कर दी। तीस हजारी कोर्ट की विशेष न्यायाधीश एकता गौबा मान ने कहा कि मामले की जांच अभी शुरुआती चरण में है और पीड़िता के मन में अपनी सुरक्षा को लेकर डर है। अदालत ने यह भी कहा कि इस बात की पूरी आशंका है कि जमानत मिलने पर बिभव कुमार गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। कुमार की पहली नियमित जमानत याचिका को ट्रायल कोर्ट ने 27 मई को खारिज की थी। उनकी दूसरी जमानत याचिका को खारिज करते हुए कोर्ट ने इस तथ्य पर विचार किया कि मालीवाल एक महिला हैं और आम आदमी पार्टी की मौजूदा सांसद हैं। वह अपनी ही राजनीतिक पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गई थीं।

## राजग प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से मिला



नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के एक प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की और केंद्र में नई सरकार बनाने का दावा पेश किया।

### प्रफुल्ल पटेल को 180 करोड़ की संपत्ति मिलेगी वापस



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) के नेता प्रफुल्ल पटेल को अपीलेट ट्रिब्यूनल से मनी लॉन्ड्रिंग केस में बड़ी राहत मिली है। ट्रिब्यूनल ने प्रवर्तन निदेशालय को पटेल की जब्त संपत्ति को छोड़ने का आदेश दिया है। ईडी ने पटेल के मुंबई स्थित सीजे हाउस में 12 वें और 15 वें फ्लोर के कुछ फ्लैट्स को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत अटैच किया था, जिसके बाद अब अपीलेट ट्रिब्यूनल ने उन्हें वापस लौटाने का आदेश दिया है। पटेल के इन फ्लैट्स की कीमत करीब 180 करोड़ रुपए है, जो उनकी पत्नी वर्षा और उनकी कंपनी मिलेनियम डेवलपर के नाम पर रजिस्टर थे। ईडी ने आरोप लगाया था कि ये संपत्तियां ड्रग माफिया इकबाल मिर्ची की विधवा से अवैध लेनदेन के जरिए हासिल की गई थीं।

### लालू सहित 78 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों की कथित संलिप्तता वाले नौकरी के बदले जमीन घोटाले के सिलसिले में अपना अंतिम आरोपपत्र शुक्रवार को दाखिल कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई द्वारा विशेष अदालत को सौंपी गई अंतिम रिपोर्ट में उन सभी रेलवे जोन को शामिल किया गया है, जहां लालू यादव के परिवार के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर जमीन लिए जाने के एवज में नौकरी दी गई थी। जांच पूरी होने पर सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश के समक्ष 78 आरोपियों के खिलाफ अपना तीसरा और अंतिम आरोप पत्र दाखिल किया।

### सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 7 नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-दंतेवाड़ा के सीमावर्ती इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में 7 नक्सली मारे गए हैं। साथ ही बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल होने की भी सूचना है। पुलिस ने बताया कि अभी तक पांच सशस्त्र नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। हालांकि, सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों से मुठभेड़ में तीन जवान घायल हुए हैं। नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान हथियार बरामद किए गए हैं।

## नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू

# अब मोदी 3.0 की नई टीम के लिए सहयोगी दलों की दावेदारी चुनौती

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र में भाजपा नीत नई राजग सरकार के शपथ ग्रहण का समय तय होने के साथ नरेंद्र मोदी 3.0 कैबिनेट में शामिल होने वाले मंत्रियों के नामों की चर्चा तेज हो गई है। भाजपा को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने की वजह से इस बार सहयोगी टीडीपी और जेडीयू कोटे से भी कई मंत्री शामिल हो सकते हैं। इस बात पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं कि नरेंद्र मोदी की नई टीम में कौन-कौन शामिल होगा? इसमें कितने नए चेहरे देखने को मिलेंगे और कितने पुराने चेहरों को जगह मिलेगी? इसको लेकर फिलहाल आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं आई है, लेकिन अंदरखाने से कुछ पार्टियों के नाम सामने आए हैं, जिनके कोटे से मंत्री बनाए जा सकते हैं। फिलहाल तेलुगू देशम पार्टी को मोदी कैबिनेट में कितने पदों का प्रस्ताव दिया गया है, उसकी खबर नहीं है। सूत्रों के अनुसार इस बारे में कोई भी फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

सूत्रों के अनुसार राजग के सहयोगी दलों से विचार-विमर्श कर सरकार में हिस्सेदारी को अंतिम रूप दिया जाएगा। खबर ये भी है कि सरकार गठन की तैयारी के बीच सहयोगियों ने अहम विभागों की मांग रखी है। अब भाजपा के सामने उनको नजरअंदाज नहीं करने की चुनौती भी है। मंत्रिमंडल को ऐसा बनाना होगा कि इससे सहयोगी दलों में नाराजगी न हो। चूंकि भाजपा इस बार 240 सीट ही हासिल कर सकी है और बहुमत से 32 सीट दूर रही, लिहाजा नई सरकार को राजग के सहयोगी चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार पर निर्भर रहना होगा। सहयोगी दल सरकार पर दबाव भी बना सकते हैं।



### सहयोगी दलों के लिए संभावित मंत्री पद

| | |
|---|---|
| टीडीपी | फिलहाल तय नहीं |
| जेडीयू | 3 मंत्री पद |
| जेडीएस | 1 मंत्री पद |
| आरएलडी | 1 मंत्री पद |
| अपना दल | 1 मंत्री पद |
| एनसीपी (अजित पवार) | 1 मंत्री पद |
| शिवसेना (शिंदे) | 1 मंत्री पद |

### इनकी भागीदारी है अहम

एनडीए में शामिल चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी को 16 और नीतीश कुमार की JDU को 12 सीटें मिली हैं। वहीं, एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने 7 संसदीय सीटों पर जीत दर्ज की है. जबकि चिराग पासवान की एलजीपी (रामविलास पासवान ) के पास भी 5 सांसद हैं। इन चारों पार्टियों को मिला दें, तो कुल 40 सांसद होते हैं। जाहिर तौर पर बहुमत से दूर भाजपा के लिए सहयोगियों के बीच मंत्री पद का बंटवारा बड़ी चुनौती साबित होगी। खासतौर पर नायडू और नीतीश बड़े पोर्टफोलियो की मांग करेंगे।

### इस फॉर्मूले पर चर्चा

हर 4 सांसद पर 1 मंत्री की मांग चर्चा में है। इस लिहाज से 16 सीटों वाली टीडीपी चार मंत्री पद की मांग कर सकती है। इसी आधार पर 12 सीटों वाले जदयू की तरफ से 3 मंत्री पदों की मांग हो सकती है। ऐसे में 7 सांसदों वाले एकनाथ शिंदे और 5 सांसदों वाले चिराग पासवान भी 2-2 मंत्रालयों की उम्मीद करेंगे।

### क्या चाहती है भाजपा

बहुमत से दूर भाजपा गृह मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय अपने पास रखना चाहती है। इसके अलावा रेलवे और सड़क परिवहन भी भाजपा किसी को देने के मूड में नहीं है। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर, गरीब कल्याण, युवाओं से जुड़े विभाग और कृषि मंत्रालयों को भी वो सहयोगियों को बांटना नहीं चाहती।

### UCC व NRC पर सहमति होगी चुनौती

प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान ही अगले 100 दिन के सरकार के कामकाज का एजेंडा तैयार कर लिया है। लेकिन गठबंधन की सरकार होने के कारण UCC, NRC, मुस्लिम आरक्षण समेत कई मुद्दों पर आम सहमति कायम करना अहम चुनौती होगी।

### इन विभागों के लिए होगी खींचतान

कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास, रेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, वाणिज्य, ऊर्जा, सडक़ एवं परिवहन, दूर संचार, नागरिक उड्डयन जैसे महत्वपूर्ण विभागों के लिए सहयोगी दल दबाव बना सकते हैं। प्रधानमंत्री के सामने इसकी चुनौती खड़ी भी है।

### शपथ ग्रहण : कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों की पांच कंपनी, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) कमांडो, ड्रोन और 'स्नाइपर' को तैनात किया जाएगा।

### सहयोगी दलों का दावा

लोकसभा स्पीकर का पद, रेल मंत्रालय और कृषि मंत्रालय पर।

### पैराग्लाइडर उड़ाने पर रोक, कई जगह धारा 144 लागू

दिल्ली पुलिस ने 9 जून को केंद्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए दिल्ली में पैराग्लाइडर, पैरा-मोटर्स, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट विमान जैसे उप-पारंपरिक हवाई प्लेटफार्मों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा एक आदेश जारी कर 9 जून से 2 दिनों तक लागू रहेगा। इसके अलावा नई दिल्ली व आसपास के क्षेत्र में धारा 144 लगा दी है।

### गैर भाजपा स्पीकर पर सहमति संभव

नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही लोकसभा स्पीकर को लेकर खींचतान शुरू होने की आशंका है। सूत्रों के अनुसार TDP या JDU दोनों ही इस पद के दावेदार हैं। वहीं विपक्षी खेमे का मानना है कि एनडीए के सहयोगी दलों का कोई उम्मीदवार नई लोकसभा के अध्यक्ष पद के लिए सामने आता है तो उस पर आम सहमति बनाने का विकल्प खुला है। यदि भाजपा ने स्पीकर पद पर अपनी दावेदारी ठोकी तो फिर विपक्षी गठबंधन अपना उम्मीदवार खड़ा कर सकता है।

## पंजाब: फर्जी एनकाउंटर केस

# पूर्व डीएसपी को उम्रकैद, पूर्व DIG को 7 साल की जेल

**एजेंसी** | चंडीगढ़

पंजाब में साल 1993 में हुए फर्जी मुठभेड़ मामले में मोहाली की सीबीआई की विशेष अदालत ने करीब 31 साल बाद शुक्रवार को पंजाब के पूर्व डीआईजी दिलबाग सिंह को 7 साल की जेल और रिटायर्ड डीएसपी गुरबचन सिंह को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह मामला तरनतारन जंडाला रोड निवासी फल विक्रेता गुलशन कुमार की हत्या से जुड़ा है। आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ने 28 फरवरी 1997 को आईपीसी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। एक दिन पहले ही अदालत ने दोनों को दोषी ठहराया था। सीबीआई कोर्ट ने दोनों पर आईपीसी की धारा 364 अपहरण, 302 हत्या, 218 (लोक सेवक द्वारा किसी व्यक्ति को सजा या संपत्ति को जब्त होने से बचाने के इरादे से गलत रिपोर्ट रिकॉर्ड तैयार करना और आईपीसी की धारा 201 के तहत सबूत मिटाने के आरोपों के तहत सजा सुनाई है।



### जबरन उठा ले गई थी पुलिस

साल 1996 में जंडाला रोड निवासी चमन लाल की शिकायत पर इस मामले में केस दर्ज किया गया था। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा था कि 22 जून 1993 को तत्कालीन डीएसपी दिलबाग सिंह के नेतृत्व में तरनतारन पुलिस की एक टीम उनके बेटे गुलशन को जबरन उठा ले गई थी। उनके 2 बेटों प्रवीन कुमार और बॉबी कुमार को भी पुलिस अपने साथ ले गई। पुलिस ने प्रवीन और बॉबी कुमार को तो छोड़ दिया, लेकिन गुलशन को रिहा नहीं किया। एक महीने बाद 22 जुलाई 1993 को फर्जी एनकाउंटर में गुलशन की हत्या कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें बताए बिना उनके बेटे के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### लंबा चला केस, शिकायतकर्ता और 3 आरोपियों की हो चुकी मौत

सीबीआई की जांच रिपोर्ट के अनुसार, गुरबचन सिंह उस समय सब-इंस्पेक्टर थे और वह तरनतारन पुलिस स्टेशन में एसएचओ के रूप में तैनात थे। उन्होंने गुलशन कुमार को अवैध हिरासत में रखा था। सीबीआई ने 7 मई 1999 को तत्कालीन डीएसपी दिलबाग सिंह, तत्कालीन इंस्पेक्टर गुरबचन सिंह, तत्कालीन एएसआई अर्जुन सिंह, तत्कालीन एएसआई देविंदर सिंह और तत्कालीन एसआई बलबीर सिंह के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। ट्रायल के दौरान ही आरोपी अर्जुन सिंह, देविंदर सिंह और बलबीर सिंह की मौत हो गई थी। इसके बाद 7 फरवरी 2000 को आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए थे। अब इस मामले में 32 गवाहों और चश्मदीद के बयानों से साफ हुआ कि पुलिस अफसरों द्वारा बताई गई कहानी झूठी थी। तब जाकर इस मामले में अब रिटायर्ड पुलिस अफसरों को सजा सुनाई गई है। मामले के शिकायतकर्ता चमन लाल की भी मौत हो चुकी है।

## पर्यावरण सूचकांक

# 27.6 अंकों के साथ भारत 180 देशों में 176वें पायदान पर

### ■ वायु गुणवत्ता के मामले में पांचवां स्थान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक (ईपीआई) 2024 के अनुसार 180 देशों में भारत 27.6 अंकों के साथ 176वें पायदान पर है। जबकि जलवायु परिवर्तन सूचकांक में भारत 35 अंकों के साथ133वें स्थान पर है। वायु गुणवत्ता के मामले में दक्षिण एशिया में भारत को 6.8 अंकों के साथ पांचवें पायदान पर रखा गया है। यह सूचकांक अमेरिका के येल विश्वविद्यालय के पर्यावरण कानून



एवं नीति केंद्र ने जारी किया है। ईपीआई स्कोर यह बताया है कि पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए देशों ने किस तरह के प्रयास किए और उनका प्रदर्शन कैसा रहा। इसमें विभिन्न देशों के बीच इस बात की भी तुलना की गई है कि किस देश का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। इसमें संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों, 2015 पेरिस जलवायु परिवर्तन समझौते और कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव विविधता ढांचे के पालन के आधार पर देशों का मूल्यांकन किया गया है।

### कई मानकों के आधार पर तय हुआ सूचकांक

सूचकांक 2024 में उभरते लक्ष्यों और हाल की पर्यावरण रिपोर्टों के जवाब में कई नए मानक शुरू किए गए हैं। उदाहरण के लिए सूचकांक में इस साल अलग-अलग देशों द्वारा ग्रीनहाउस (जीएचजी) उत्सर्जन को कम करने में की गई प्रगति को देखा गया। देशों का मूल्यांकन इस आधार पर किया गया कि उन्होंने कितनी तेजी से अपने उत्सर्जन को कम किया है और वे नेट-जीरो लक्ष्य के कितने करीब हैं।

### पांच देशों ने उत्सर्जन में की भारी कमी

पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक के अनुसार पहले की तुलना में अधिक संख्या में देशों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी आ रही है। जबकि पांच देश ऐसे हैं जिन्होंने अपने उत्सर्जन में भारी कमी की है। यदि वे अपनी वर्तमान दर पर कटौती जारी रखते हैं तो 2050 तक नेट-जीरो लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। इन पांच देशों में एस्टोनिया, फिनलैंड, ग्रीस, तिमोर-लेस्ते और यूके शामिल हैं। अमेरिका में उत्सर्जन में कमी आ रही है, लेकिन इसकी गति बहुत कम है। यह सूची में 34वें स्थान पर है। जबकि चीन, रूस और भारत में पिछले वर्षों की तुलना में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की उच्च दर बनी हुई है।

### विकासशील देशों को चेतावनी

पीआई में विकासशील देशों को चेतावनी देते हुए कहा गया है कि वे औद्योगीकरण के मार्ग पर धनी देशों द्वारा की गई गलतियों से बचें। इसमें धनी देशों को यह भी याद दिलाने की अहम बात शामिल है कि वे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की ओर ले जाने वाले अत्यधिक उपभोग से सावधान रहें और विकासशील देशों में निवेश करने में मदद करें ताकि पूरे ग्रह के लिए बेहतर और अधिक टिकाऊ भविष्य मिल सके।

## कंगना को थप्पड़ मारने का मामला

# आरोपी महिला जवान के समर्थन में आए किसान

**एजेंसी** | चंडीगढ़

मोहाली एयरपोर्ट पर भाजपा की नवनिर्वाचित सांसद कंगना रानौत को सीआईएसएफ महिला जवान द्वारा थप्पड़ मारे जाने के बाद अचानक से किसान संगठन सक्रिय हो गए हैं। भारतीय किसान यूनियन समेत प्रदेश के कई किसान संगठनों ने आरोपी महिला जवान का किसी भी स्थिति में साथ देने का वादा भी किया है। उधर, हरियाणा में एक बार फिर किसान आंदोलन की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। इसको देखते हुए खुफिया एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। किसान संगठनों पर निगरानी बढ़ा दी गई है और उनकी तमाम गतिविधियों पर ध्यान रखा जा रहा है। कई किसान संगठनों ने नौ जून को पंजाब के मोहाली के गुरुद्वारा श्री अंब साहिब में इकट्ठे होकर एसएसपी मोहाली कार्यालय तक पैदल इंसाफ मोर्चा निकालने की घोषणा की।

### पुलिस ने दो धाराओं में दर्ज की FIR

दूसरी ओर कंगना रनौत को थप्पड़ मारने वाली आरोपी सीआईएसएफ की महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर के खिलाफ मोहाली एयरपोर्ट पुलिस ने 24 घंटे बाद आईपीसी की धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) व 341 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## अपकमिंग मूवी का प्रमोशन करने जयपुर आए कलाकार

# प्यार, दोस्ती और रिश्तों का आधुनिक दृष्टिकोण है 'इश्क विश्क रिबाउंड'

**बेधड़क.जयपुर।** 'इश्क विश्क रिबाउंड' पहले पार्ट 'इश्क विश्क' से बिल्कुल अलग है। यह रोमांटिक-कॉमेडी-ड्रामा शाहिद कपूर और अमृता राव अभिनीत इश्क विश्क की फ्रेंचाइजी को आगे लेकर जाएगी। पिछली फिल्म का संगीत पसंद किया गया था और इसी को ध्यान में रखते हुए कुछ पुराने गाने इस नई मूवी में बरकरार रखे गए हैं। यह कहना था अभिनेता रोहित सराफ का, जो जयपुर में फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' का प्रमोशन करने साथी कलाकारों के साथ जयपुर आए थे। उनके साथ स्टार कास्ट जीब्रान, नैला ग्रेवाल और पश्मीना रोशन पर्दे पर दिखाई देने वाले हैं।




फोटो: पंकज शर्मा

### ऑडिशन के वक्त मेकर्स नहीं जानते थे कि में रोशन हूं

रोशन परिवार का हिस्सा होना गौरव की बात पर पश्मीना ने कहा कि गर्व मेरे परिवार की विरासत और उनके द्वारा किए गए अविश्वसनीय काम से आता है। मुझे उन सभी पर बहुत गर्व है। मैं जिस गौरव, भाग्य और समर्थन के साथ आई हूं उस पर खरा उतरने का दबाव जरूर है। बॉलीवुड में नेपोटिज्म की बहस पर कहा कि मुझे ऋत्विक रोशन की बहन होने या राजेश रोशन की बेटी होने के कारण फिल्म नहीं मिली है, बल्कि मैंने इसके लिए ऑडिशन दिया है। एक दिलचस्प बात है, कि जब मैंने ऑडिशन दिया तब तक मूवी के निर्माताओं को पता नहीं था कि संगीतकार-निर्माता राजेश रोशन की बेटी हूं। मैंने अपने बारे में उन्हें तभी बताया जब मुझे सान्या के चरित्र के लिए फाइनल किया गया।



### युवाओं पर केंद्रित है फिल्म

एक्टर ने कहा कि 'इश्क विश्क रिबाउंड' प्यार, दोस्ती, रिश्तों और आज की जिंदगी की जटिलताओं पर आधुनिक व भरोसेमंद दृष्टिकोण को रखती है। हमारे निर्माताओं का मानना है कि दर्शकों को सिनेमाघरों में युवा केंद्रित फिल्म देखे हुए काफी समय हो गया है। इसलिए यह सही व उचित मौका है कि हम एक बार फिर युवा दिलों की धड़कन बनकर पर्दे पर आएं। इश्क विश्क के ओरिजिनल गानों को फिल्म में रखने पर कहा, कि 'इश्क विश्क प्यार व्यार' और 'चोट दिल पे लगी' जैसे गाने इतने लोकप्रिय थे कि निर्देशक ने उन्हें यहां भी बरकरार रखा है।

### लेगेसी को बढ़ाने का प्रेशर

सान्या का किरदार निभा रही पश्मीना रोशन ने कहा कि परिवार की ओर से लेगेसी को आगे बढ़ाने का प्रेशर है। घबरा नहीं रही हूं, क्योंकि भाई ऋतिक रोशन ने सलाह दी है। उन्होंने ऋतिक से मिलने वाले मार्गदर्शन का भी खुलासा करते हुए कहा कि उनसे मुझे न केवल उनकी सलाह मिलती है, बल्कि उनका पूरा सहयोग मिलता है। वह मुझसे हर समय यही कहने की कोशिश करते हैं कि आप जो भी काम कर रहे हैं उसमें प्रामाणिकता लाएं और उसमें 100 प्रतिशत दें।

### एनुअल फंक्शन में डांस करती थी

वहीं, जीब्रान ने कहा कि जब इश्क विश्क आई थी तो वे स्कूल में थी और स्कूल के एनुअल फंक्शन में इसके गाने पर डांस किया था। अब उन्हीं गानों पर पर्दे पर डांस करना मेरे लिए गौरव की बात है। अभिनेत्री नैला ग्रेवाल ने कहा कि 'जब इश्क विश्क' आई तो यह एक संस्कारी फिल्म थी। हर कोई इसकी ओर आकर्षित हुआ।

## सुधा जैन अलवर अध्यक्ष बनीं



**बेधड़क. जयपुर।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन महिला मण्डल सूर्य नगर तारों की कूट की कार्यकारिणी समिति का पुनर्गठन किया गया। मंदिर प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष ईजी नवीन जैन व मंत्री धनेश सेठी ने बताया कि महेश देवी पाटनी व लता बाकलीवाल संरक्षिका, सुधा जैन अलवर अध्यक्ष, नीरु छाबड़ा उपाध्यक्षा, अल्का लोंग्या मंत्री, दीपिका जैन कोटखावदा संयुक्त मंत्री, मीना सेठी कोषाध्यक्ष, अमिता कोठयारी सह-कोषाध्यक्ष, रेणू गोधा सांस्कृतिक मंत्री, दीपिका गोधा व कविता लुहाड़िया सह-सांस्कृतिक मंत्री, पुष्पा गोयल प्रचार मंत्री, बीना संघी सह-प्रचार मंत्री बनाई गई। सीमा बाकलीवाल, रेखा जैन, विनीता लुहाड़िया आहार व्यवस्थापक, प्रेम लता कासलीवाल, पाना देवी सेठी, मिथिलेश सोगानी, कमला देवी पाटनी परामर्शदाता, शांति देवी सोगानी, किरण पाण्डया, कमला पाण्डया, अंजू पापड़ीवाल, इंदू टोंग्या, पुष्पा पाटोदी, राज कुमारी जैन व कमलेश जैन को सदस्य बनाया गया। इस मौके पर सुरेश बाकलीवाल, पीसी जैन, राजेन्द्र जैन, राजेश पापड़ीवाल, सीए राजन गोधा आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं ने चलाया ग्रीनरी अभियान



**बेधड़क. जयपुर।** महिलाओं ने पौधारोपण अभियान शुरू करके जयपुर की ग्रीनरी बढ़ाने का संकल्प लिया। इसके लिए पर्यावरण दिवस पर सवर्ण शक्ति संघ की महिला टीम आगे आई हैं और उनकी ओर से पौधारोपण अभियान शुरू किया गया है। अभियान में हर घर से या हर घर में एक पौधा लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। अभियान में दिव्या द्विवेदी, अनिता ठाकुर, विजय लक्ष्मी, रश्मि त्रिवेदी, अनिता सक्सेना, चित्रा गौतम, ईवा सक्सेना, रेनू भट्ट आदि महिला टीम के पदाधिकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं।


## City इवेंट्स

### न्यायालय में शीतल पेय वितरण



**बेधड़क. जयपुर।** दी बार एसोसिएशन जयपुर और डॉ. अंबेडकर अधिवक्ता संस्था राजस्थान की ओर से जिला न्यायालय परिसर में शीतल पदार्थ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर रवि प्रकाश मेहरड़ा (डीजीएसीबी) थे। दी बार एसोसिएशन जयपुर अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, महासचिव राज कुमार शर्मा, लाइब्रेरी सेक्रेटरी भगवान सहाय वर्मा सहित अन्य कार्यकारिणी पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही डॉ. अंबेडकर अधिवक्ता संस्था राजस्थान अध्यक्ष हितेश, महासचिव राजेश वर्मा, अन्य पदाधिकारियों ने मोटिवेट किया। न्यायालय परिसर में एक अशोक वृक्ष भी लगाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता विजय सिंह पूनिया, रमेश सिंह जाजोरिया, गुरु प्रसाद लेखरा, ओम प्रकाश वर्मा, अशोक मेहरा, बृजमोहन महावर, सुरेश खींची, गोपाल कृष्ण नारोलिया, मनोज पिगोलिया, मनोज उमरवाल, रेखा कच्छावा, प्रीति जाटव, महेंद्र सांवरिया, सज्जन सिंह राघव, महेंद्र सोकरिया, सुभाष दीवाल, सुभाष बिवाल, गिरीश चंद्र वर्मा, महेंद्र रांघेरा सहित अधिवक्ता शामिल हुए।

### रवीन्द्र मंच परिसर में कला शिविर कल



**बेधड़क. जयपुर।** रवीन्द्र मंच और कलावृत्त संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रविवार से दो दिवसीय कला शिविर की शुरुआत की जाएगी। इसमें 22 चित्रकार पेंटिंग का लाइव डेमोंस्ट्रेशन देंगे। शीर्ष तीन चित्रकारों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। अन्य सभी चित्रकारों को प्रतिभागिता के लिए प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। मंच प्रबंधक सोविला माथुर ने बताया कि रवीन्द्र मंच में सन 1982 में कलावृत्त व त्रिमूर्ति संस्था के सौजन्य से गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर की प्रतिमा स्थापित की गई थी।

### फ्यूजन कथक नृत्य कार्यक्रम आज




**बेधड़क. जयपुर।** नेट थिएट में शनिवार शाम 7:30 बजे फ्यूजन कथक कार्यक्रम में कत्थक गुरु श्रुति मिश्रा के निर्देशन में उनकी शिष्याओं की ओर से जयपुर का शुद्ध कथक व फ्यूजन कत्थक नृत्य का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान वर्चुअल थिएटर को भी कला प्रेमी एंजॉय कर सकेंगे। इसके लिए आयोजन राजेंद्र शर्मा ने विशेष इंतजाम किए हैं। उन्होंने बताया, कि कार्यक्रम में जयपुर के कथक प्रेमी हिस्सा लेंगे और कलाकार से इंटरेक्ट भी करेंगे।

## रवींद्र मंच के मिनी थिएटर में नाटक का मंचन

# जो समाज मारना चाहता था उसको लाड़ली ने दिखाई राह



**बेधड़क | जयपुर**

रवींद्र मंच के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयन्ती के अवसर पर कला व संस्कृति और पुरातत्व विभाग राजस्थान तथा रवींद्र मंच की ओर से टैगोर थियेटर योजना में नाटक लाडली का मंचन किया गया। मिनी थिएटर में हुए नाटक के लेखक-निर्देशक हैं प्रेम सिंह कण्डेरा रहे।

कहानी राजपुर नामक गांव की थी, जिसमें करण सिंह नाम का दबंग आदमी रहता है जो बेटियों से नफरत करता है। वह गांव की हर बेटी को मार देता है। उसका डायलॉग फेमस होता है कि वह सर कटा सकता है पर सर झुका नहीं सकता। जिस घर में बेटी पैदा होती है उसके गुरगे बेटी को उठा लाते हैं करण उसे मार देता है।

एक दिन उसी के घर में बेटी पैदा होती है। उसे इस बात का पता चलता है तो वो उस बेटी को मारने का प्रयास करता है। दाई बेटी को जंगल में छुपा देती है और उसका नाम लाडली रखती है। दाई करण से कहती है कि बहु के कंकड़-पत्थर हुए हैं। दाई लाडली को पढ़ा-लिखा कर शिक्षित कर इंस्पेक्टर बना देती है। फिर लाडली ने करण सिंह की कुप्रथाओं का अंत कर देती है। अनामिका सिंह कण्डेरा ने लाडली का दमदार अभिनय किया तो शालिनी सिंह कण्डेरा, विनय बिन्दल, चेतन प्रकाश महावर, नरेंद्र कुमार, राजेन्द्र कुमार, रिया सिंह कण्डेरा आदि ने भूमिका निभाई।

## पंकज ओझा बताएंगे प्रभु श्रीराम की महिमा

# 'घट-घट के वासी राम' में श्रीराम की महिमा का करेंगे गुणगान



**बेधड़क | जयपुर**

श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में महाराणा प्रताप सभागार विद्याश्रम में रविवार शाम 4 से 7 बजे तक घट-घट के वासी राम संगीतमयी ज्ञान-यात्रा राम से प्रभु श्रीराम तक का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा के साथ पोस्टर विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक गब्बर कटारा ने बताया कि कार्यक्रम में रामभक्त पंकज ओझा प्रभु श्रीराम की महिमा और उनके आदर्शों को प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम श्रोताओं को प्रभु श्रीराम के जीवन और शिक्षाओं को गहराई से समझने का अवसर होगा।

कार्यक्रम के दौरान पंकज ओझा पखावज, मजीरे, तबला, वायलिन, हारमोनियम और सिंथेसाइजर के साथ भगवान राम के जीवन काल के ऐसे गूढ़ रहस्यों के बारे में बताएंगे जो आज तक किसी ने नहीं बताए। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आध्यात्मिक कार्यक्रमों से सामाजिक सौहार्द्र और समरसता में वृद्धि होती है तथा आमजन के हृदय में प्रभु राम के प्रति भक्ति और श्रद्धा और अधिक गहरी होती है। इस मौके पर श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट संस्थापक अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा, भारत भूषण अजमेरा, सर्वेश्वर शर्मा, डॉ. सुमित शर्मा, विवेक दसोरा, सचिन शर्मा, ममता पंचोली, सुनील गौड़, प्रमोद शर्मा, अभिषेक शर्मा और धीरज शर्मा उपस्थित रहे।

**धार्मिक कार्यक्रम** | राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम पोस्टर का विमोचन

# अहिंसक आहार पोस्टर प्रतियोगिता में देंगे 24 पुरस्कार

**बेधड़क | जयपुर**

अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान प्रांत राजस्थान की ओर से आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता के प्रथम पोस्टर का विमोचन श्री जिनमन्दिर परिषद भवन कालका दिल्ली में आचार्य वसुनंदीजी मुनिराज ससंघ के सानिध्य में किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के 2550वें निर्वाणोत्सव वर्ष को आचार्य वसुनंदी मुनिराज द्वारा अहिंसक आहार वर्ष घोषित किए जाने के क्रम में आयोजित की जा रही है, जिसमें 24 नगद पुरस्कार रखे गए हैं।



### ये सदस्य रहे मौजूद

आयोजन के मुख्य संयोजक प्रेम चंद छाबड़ा व समन्वयक संजय जैन ने बताया कि इस अवसर पर जयपुर से संस्थान प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के साथ कमलेश पाटनी, सोभाग अजमेरा, पुष्पा बिलाला, दीपा पाटनी, प्रियांशी दिल्ली परिषद के महामंत्री अनिल जैन नेपाली, ग्रीन पार्क से सुरेश जैन, नौगांव से उपाध्यक्ष रजत जैन सहित कई सदस्यों की उपस्थिति रही।

### घर से ही बनाकर देने हैं पोस्टर

महामंत्री सुनील पहाड़िया व कोषाध्यक्ष पंकज लुहाडिया के अनुसार अहिंसक आहार पोस्टर प्रतियोगिता के प्रेरक आचार्य वसुनंदीजी ने व मार्ग दर्शक आर्यिका वर्द्धस्व नंदिनी माताजी ने सभी को मंगल आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता श्रुत पंचमी के शुभ अवसर से प्रारंभ होगी जिसमें अधिक से अधिक सहभागिता कर प्रतियोगियों को पोस्टर घर से ही बनाकर सभी स्थानों पर नियुक्त स्थानीय संयोजकों को देना है।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 08 जून, 2024




परिवर्तन बहुत कष्टदायी होता है लेकिन इतना ही आवश्यक भी होता है!
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने किया ऐलान

# यूक्रेन को मिराज लड़ाकू विमान देगा फ्रांस



**एजेंसी** | पेरिस

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रूस के खिलाफ जंग में यूक्रेन को अपने शक्तिशाली लड़ाकू विमान मिराज देने की घोषणा की है। डी-डे के मौके पर मैक्रों ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात कर यह बात की है। मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन मिराज का इस्तेमाल रूस से अपनी रक्षा करने के लिए करेगा। फ्रांस इसके लिए यूक्रेनी पायलटों को ट्रेनिंग भी देगा।

इससे एक दिन पहले रूस ने चेतावनी दी थी कि अगर यूक्रेन में फ्रांसीसी सेना का कोई भी अफसर मौजूद रहेगा तो वह उस पर हमला जरूर करेगा।



फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि उनका देश यूक्रेन को मिराज 2000-5 लड़ाकू विमानों को मुहैया कराएगा। उन्होंने यह भी कहा कि फ्रांस में यूक्रेनी पायलटों को प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वे रूस के आक्रमण से अपने देश की रक्षा कर सकें। इन मिराज विमानों का निर्माता दसॉल्ट है। यूक्रेन के राष्ट्रपति इन दिनों फ्रांस में हैं। मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन ने अपने पश्चिमी सहयोगियों से अपनी धरती पर सेना को प्रशिक्षित करने के लिए सैन्य प्रशिक्षक भेजने को कहा है, ताकि सैनिकों की संख्या को बढ़ाने की चुनौती का सामना किया जा सके। यही वजह है कि यूक्रेनी राष्ट्रपति और उनके रक्षा मंत्री ने सभी सहयोगियों से 48 घंटे पहले एक आधिकारिक पत्र में कहा कि उन्हें उनकी धरती पर जल्द प्रशिक्षित करने की जरूरत है। मैक्रों ने कहा कि फ्रांस युद्ध को बढ़ाना नहीं चाहता, लेकिन शांति केवल तभी तक हासिल हो सकती है जब तक यूक्रेन जवाब दे सकता है। शांति का मतलब यूक्रेन का आत्मसमर्पण नहीं हो सकता। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि शांति बातचीत के जरिए ही आएगी।



### कनाडा में खालिस्तान समर्थकों ने किया प्रदर्शन

# इंदिरा की हत्या की झांकी भारत का झंडा जलाया


**एजेंसी** | टोरंटो

भारत विरोधी तत्वों को कनाडा फ्रीडम ऑफ स्पीच के नाम पर मनमर्जी करने देता है। ऑपरेशन ब्लू स्टार के 40 साल होने पर खालिस्तान समर्थकों ने कनाडा में प्रदर्शन किया। इस दौरान वैंकूवर में वाणिज्य दूतावास के सामने खालिस्तान समर्थकों की ओर से दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का महिमामंडन करने वाली झांकी निकाली गई। इसमें इंदिरा गांधी की तस्वीर गोलियों से छलनी दिख रही थी। भारत की ओर से इस मामले पर औपचारिक तरीके से विरोध जताया जा सकता है।

ऑपरेशन ब्लूस्टार को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से जरनैल सिंह भिंडरावाले समेत खालिस्तानी चरमपंथियों को बाहर निकालने के लिए चलाया गया था। कनाडा में अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस की ओर से भारत के मिशन को बंद करने का आह्वान किया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक एक वरिष्ठ भारतीय अधिकारी ने कहा कि औपचारिक राजनयिक शिकायत दी जाएगी। प्रदर्शन के दौरान भारत विरोधी नारे लगाए गए। इसके अलावा भारत और रूस का झंडा भी जलाया गया।



### अलगाववादियों ने खुलेआम किया उग्र प्रदर्शन

कनाडा में वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर खलिस्तानी अलगाववादियों ने खुलेआम उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान अलगाववादियों ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या की सराहना करने के साथ पोस्टर में उनके गोली मारने वाले हत्यारों बेअंत सिंह और सतवंत सिंह का सम्मान करते दिखाया गया है। ये पोस्टर सभी के सामने लहराए भी गए। यह घृणित कृत्य न केवल जीवन की दुखद हानि का जश्न मनाता है, बल्कि प्रवासी समुदाय के कुछ हिस्सों में अभी भी प्रचलित उग्रवाद की गहराई को भी रेखांकित करता है।

### रूस का झंडा जलाया गया

टोरंटो में वाणिज्य दूतावास में भी विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था, लेकिन ऐसी झांकी वहां देखने को नहीं मिली। हालांकि हर जगह खालिस्तानी झंडा हाथों में लेकर नारेबाजी की गई। भारत के झंडे का अपमान किया गया। वहीं एक पेज जिस पर भारत के संविधान की फोटो थी उसे जलाया गया। इस दौरान रूस का झंडा भी झलाया गया। रूस का झंडा जलाना खालिस्तान समर्थकों की बौखलाहट को दिखाता है, क्योंकि कुछ दिनों पहले रूस ने भारत के समर्थन में बयान दिया था।

### क्या बोला था रूस

रूस ने मई में एक बयान में कहा था कि खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने में भारतीय नागरिक के हाथ होने से जुड़ा कोई विश्वसनीय सबूत अमेरिका ने नहीं दिया है। रूस के विदेश विभाग की प्रवक्ता ने कहा कि हमारे पास मौजूद जानकारी के मुताबिक पन्नू की हत्या की साजिश रचने में भारतीय नागरिकों की संलिप्तता का कोई विश्वसनीय सबूत अमेरिका ने नहीं दिया है। इस मामले में अटकलें अस्वीकार्य हैं।

### संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में लगाई अर्जी

# अब इजराइल के खिलाफ उतरा स्पेन

**हेग।** गाजा में हमास के खिलाफ जारी इजराइली सैन्य कार्रवाई के बीच यूरोपीय देश स्पेन ने बड़ा कदम उठाया है। स्पेन ने कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में अर्जी देकर दक्षिण अफ्रीका द्वारा इजराइल के खिलाफ दायर मुकदमे में पक्षकार बनने की अनुमति मांगेगा।

स्पेन के विदेश मंत्री ने यह घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका ने संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में दाखिल याचिका में इजराइल पर गाजा में जनसंहार करने का आरोप लगाया है। स्पेन पहला यूरोपीय देश है जिसने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका द्वारा अंतरराष्ट्रीय अदालत में दाखिल याचिका से जुड़ने की पहल की है।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि इजराइल ने गाजा पर सैन्य कारवाई के दौरान जनसंहार संधि का उल्लंघन किया है और बड़ी संख्या में आम लोगों की जान गई है। मैक्सिको, कोलंबिया, निकारागुआ, लीबिया और फिलिस्तीन पहले ही मुकदमे से जुड़ने की अर्जी दे चुके हैं। अदालत ने इजराइल को दक्षिणी गाजा के शहर रफाह में सैन्य कार्रवाई तत्काल रोकने का आदेश दिया है, लेकिन इजराइल ने आदेश का अनुपालन नहीं किया है। विदेश मंत्री जोस मैनयुल अल्बारेस ने मैड्रिड में कहा कि हमने गाजा में जारी सैन्य कार्रवाई की वजह से यह फैसला लिया है। हम चाहते हैं कि गाजा और पश्चिम एशिया में शांति स्थापित हो और इसके लिए हमें अदालत में हर तरह का समर्थन करना चाहिए। इजराइल ने अपनी सेना द्वारा जनसंहार किए जाने से इनकार किया है।

इजराइल के मुताबिक, वह पिछले साल अक्टूबर में दक्षिणी इजराइल पर हुए हमले के बाद केवल हमास को कुचलने के लिए अभियान चला रहा है।




### वैज्ञानिकों की खोज

# ग्रीनलैंड की बर्फ में मिला विशाल वायरस

**एजेंसी** | नुउक

ग्रीनलैंड की बर्फ में तबाही लाने वाले वायरस हैं। इसमें से एक विशाल वायरस खोजा गया है। वास्तव में वैज्ञानिक इस बात से हैरान है कि आखिर वास्तव में यह क्या है? बर्फ के पिघलने के साथ वैज्ञानिक निष्क्रिय पड़े शैवाल का निरीक्षण कर रहे हैं। आरहस यूनिवर्सिटी के पर्यावरण विज्ञान विभाग के विशेषज्ञों को यह 'विशाल वायरस' पाया है। सवाल उठता है कि क्या चीज इसे सामान्य आकार के वायरस के विपरीत एक विशाल वायरस बनाती है? शोधकर्ता लॉरा पेरीनी के मुताबिक इसमें सामान्य वायरस की तुलना में बहुत बड़ा जीनोम अनुक्रम होता है। ऐसा वायरस पहली बार 1981 में समुद्र में खोजा गया था। वे आमतौर पर समुद्र में शैवाल को संक्रमित करते हैं, लेकिन यह पहली बार है कि इस तरह की जगह पर विशाल वायरस खोजा गया है। शोधकर्ता फिलहाल इसे एक बुरी खबर नहीं मान रहे हैं। उनका मानना है कि विशाल वायरस किसी प्रकार के गुप्त हथियार के रूप में कार्य कर सकते हैं और बर्फ के पिघलने को कम कर सकते हैं। इससे जुड़ी स्टडी माइक्रोबायोम जर्नल में प्रकाशित की गई है।



### बैक्टीरिया से बहुत छोटे होते हैं वायरस

आम तौर पर वायरस बैक्टीरिया से बहुत छोटे होते हैं। सामान्य वायरस का आकार 20-200 नैनोमीटर होता है, जबकि एक सामान्य बैक्टीरिया का आकार 2-3 माइक्रोमीटर होता है। दूसरे शब्दों में एक सामान्य वायरस बैक्टीरिया से लगभग 1000 गुना छोटा होता है, लेकिन विशाल वायरस 2.5 माइक्रोमीटर के आकार तक बढ़ते हैं। यह ज्यादातर जीवाणुओं से बड़ा है। हालांकि यह इतने भी बड़े नहीं कि इन्हें नग्न आंखों से देखा जा सके। इन्हें खोजने के लिए नियमित उपकरणों की जरूरत होती है। विशाल वायरस प्रकाश सूक्ष्मदर्शी से भी दिखाई नहीं देते।

### बर्फ पिघलने से रोक सकते हैं ये वायरस

लॉरा पेरीनी ने कहा कि हम वायरस के बारे में बहुत कुछ नहीं जानते, लेकिन मुझे लगता है कि वे शैवाल खिलने के कारण पिघलने वाली बर्फ को कम करने के तरीके में काम आ सकते हैं। यह कितने विशिष्ट हैं और यह कितना कुशल होगा, हम अभी तक नहीं जानते हैं, लेकिन हमें उनके कुछ सवालों के जवाब मिलने की उम्मीद है। टीम ने बर्फ की चादरों से नमूने इकट्ठे किए, जिनमें गहरे बर्फ के टुकड़े, लाल और हरी बर्फ शामिल थे। डीएनए के विश्लेषण के बाद शोधकर्ताओं को ज्ञात विशाल वायरस से मेल खाने वाले अनुक्रम मिले।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl